Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रुड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवन्बद में प्रसारित

दैनिक
गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक
# वेलकम इंडिया
नये भारत की नई सोच
RNI NO. UPHIN/2018/76874

वर्षः 6 अंकः 32 | शनिवार, 01 फरवरी -2025 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

## आज पेश होगा केंद्रीय बजट

# सरकार ने आर्थिक सर्वे 2025 में बताया 2047 के विकसित भारत का रोडमैप

**नई दिल्ली।**

सरकार की दिशा विकसित भारत है और बजट से पूर्व शुक्रवार को प्रधानमंत्री ने भी अपने संक्षिप्त संदेश में इस पर जोर दिया।

लेकिन इसकी एक बड़ी शर्त है यह है कि कम से कम एक दशक तक आठ फीसद की ग्रोथ रेट बनी रहे। वित्त वर्ष 2024-25 और वर्ष 2025-26 में आर्थिक विकास दर के घटने की आशंकाओं के बीच इसपर ज्यादा ध्यान दिया जाना जरूरी हो गया है। सदन में शुक्रवार को पेश आर्थिक सर्वेक्षण 2025 में 2047 तक भारत को किस तरह से विकसित देश बनाया जाए, इसका एक संपूर्ण रोडमैप दिया गया है। रोडमैप में मौजूदा नियमों व कानूनों में बहुत ही व्यापक स्तर के संशोधन व बदलावों की जरूरत बताते हुए भारत में कारोबार करने की प्रक्रिया को आसान बनाने को प्राथमिकता के तौर पर गिनाया है। लेकिन सुधारों की आगामी प्रक्रिया में केंद्र से ज्यादा राज्यों की भूमिका महत्वपूर्ण बताई गई है। ये क्षेत्र हैं प्रशासन, भूमि, बिल्डिंग व कंस्ट्रक्शन, श्रम, बिजली-पानी जैसी सुविधाएं, ट्रांसपोर्ट, वेयरहाउस जैसे लॉजिस्टिक्स क्षेत्र, कृषि उत्पादों की खरीद-बिक्री, पर्यावरण और खाद्य सुरक्षा जैसे क्षेत्र। इन क्षेत्रों में राज्यों के पास इतने अधिकार हैं कि कारोबार की शुरूआत करने, उसे बंद करने की प्रक्रिया को दुरूह बनाते हैं और इससे आर्थिक गतिविधियों की राह में अड़चनें आती हैं। राज्यों को सुझाव दिया गया है वो जिन क्षेत्रों में दूसरे राज्य बेहतर कर रहे हैं या दूसरे देशों में सुधार हो रहे हैं, उनसे सीखें और उन सुधारवादी नीतियों को दोहरायें। उदाहरण के तौर पर कुछ राज्यों ने आईटी सेक्टर में महिला कर्मचारियों को लेकर पारंपरिक नीतियों को बदला है, अन्य सभी राज्य इसका अनुसरण कर सकते हैं। जापान, दक्षिण कोरिया ने शहरी विकास व औद्योगिकीकरण को लेकर जो नीतियां लागू की हैं।



### 10 ऐसे सेक्टर, जहां राज्यों करना होंगे सुधार

वैसे सुधारों को लेकर आर्थिक सर्वेक्षण पहले ही सरकार को सुझाव देता रहा है और उनमें से कई सुझावों पर कभी अमल नहीं हो पाता। इस बार देखना होगा कि एक दिन बाद पेश होने वाले आम बजट 2025-26 में वित्त मंत्रालय के प्रमुख आर्थिक सलाहकार अनंत नागेश्वरन के सुझावों की बानगी दिखती है या नहीं। जहां राज्यों को नियमों व प्रक्रियाओं को आसान बनाने के लिए तत्काल कदम उठाने की जरूरत है।

## अवैध फेंटेनाइल से मरे लाखों अमेरिकी

# अब मैक्सिको-कनाडा पर 25% और चीन पर 10 फीसदी टैरिफ लगेगा

**नई दिल्ली।**




अमेरिकी प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट ने बताया है कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के आदेशानुसार मैक्सिको और कनाडा से 25-25 फीसदी, जबकि चीन से 10 फीसदी टैरिफ वसूला जाएगा।

उन्होंने बताया कि बीते कई वर्षों में अवैध फेंटेनाइल का इस्तेमाल करने के कारण लाखों अमेरिकी लोगों की मौत हो चुकी है। अब इन देशों को शुल्क का भुगतान करना होगा। इसके अलावा, उन्होंने कई अहम सवालों पर भी जवाब दिया। एक फरवरी से मैक्सिको और कनाडा पर 25 फीसदी और चीन पर 10 फीसदी टैरिफ लगाएंगे, जिसका उन्होंने वादा किया था। इस बारे में प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट ने पुष्टि की है। उन्होंने कहा कि ये टैरिफ इसलिए है, क्योंकि चीन अवैध फेंटेनाइल का स्रोत बना है और इसे हमारे देश में फैलाने की अनुमति दी है, जिससे लाखों अमेरिकी मारे गए हैं। ट्रंप ने कहा था कि वह कनाडा और मैक्सिको से आयात होने वाले तेल पर टैरिफ में छूट देने पर विचार कर सकते हैं। इस संबंध में एक सवाल पर लेविट ने कहा कि टैरिफ में दोनों देशों को मिलने वाली छूट पर अभी कोई फैसला नहीं हुआ है और उनके पास इस बारे में अभी कोई जानकारी नहीं है। बता दें कि अमेरिका ने अक्तूबर में कनाडा से लगभग 4.6 मिलियन बैरल और मैक्सिको से 563,000 बैरल तेल आयात किया था। अक्तूबर में अमेरिका का तेल उत्पादन औसतन लगभग 13.5 मिलियन बैरल प्रतिदिन था। वाशिंगटन में दो दिन पहले हुई विमान और सैन्य हेलीकॉप्टर ब्लैकहॉक की टक्कर के मामले में प्रेस सचिव लेविट ने कहा कि राष्ट्रपति ट्रंप का मानना है कि हवाई यात्रा के समय अमेरिकी लोगों की सुरक्षा का पर्याप्त इंतजाम होना चाहिए।

### विवाद के बीच नायब सैनी ने दिल्ली में यमुना घाट का किया दौरा



**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री ने कहा कि आज केजरीवाल ने सामूहिक नरसंहार की बात कही है, इसके लिए केजरीवाल जिम्मेदार हैं और इसके लिए कोई और जिम्मेदार नहीं है। 10 साल बाद भी वह यमुना नदी को साफ नहीं कर पाए हैं। जल विवाद के बीच हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने दिल्ली के वजीराबाद में यमुना घाट का दौरा किया। दो अलग-अलग बोतल में पानी दिखाते हुए सैनी ने कहा कि अरविंद केजरीवाल अपनी नाकामियों को छुपाने के लिए बेबुनियाद आरोप लगा रहे हैं। केजरीवाल ने कहा था कि वह यमुना नदी को साफ करेंगे लेकिन उन्होंने इसे साफ नहीं किया और केजरीवाल ने इसे गंदा करने का काम किया है। हम साफ पानी दे रहे हैं।


### राष्ट्रपति ने संसद को किया संबोधित

**नई दिल्ली।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने लोकसभा में आर्थिक सर्वेक्षण 2024-25 पेश किया, जिसमें चालू वित्तीय वर्ष में अर्थव्यवस्था के प्रदर्शन का आधिकारिक आकलन प्रदान किया गया और देश के सामने आने वाली चुनौतियों की सूची दी गई। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के अभिभाषण के साथ ही संसद का बजट सत्र शुरू हो गया। बजट सत्र 31 जनवरी से 4 अप्रैल तक दो चरणों में आयोजित किया जाएगा। सत्र का पहला भाग 13 फरवरी को समाप्त होगा और दूसरा चरण 10 मार्च से शुरू होगा। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने लोकसभा में आर्थिक सर्वेक्षण 2024-25 पेश किया, जिसमें चालू वित्तीय वर्ष में अर्थव्यवस्था के प्रदर्शन का आधिकारिक आकलन प्रदान किया गया और देश के सामने आने वाली चुनौतियों की सूची दी गई।

# दिल्ली में आज से विश्व पुस्तक मेला

**नई दिल्ली।**

दिल्ली विश्व पुस्तक मेला 2025 का उद्घाटन मंडपम में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू करेंगी। मेले की इस बार की थीम 'रिपब्लिक@75' है। मेले में दुनिया भर से 50 देशों से लोग शामिल होंगे। प्रगति मैदान के हॉल 2-6 में शनिवार से नई दिल्ली विश्व पुस्तक मेला 2025 शुरू होगा।



इसका उद्घाटन मंडपम में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू करेंगी। वैश्विक भागीदारी के साथ मेले की इस बार की थीम 'रिपब्लिक@75' रखी गई है। इस दौरान दुनिया भर के 50 देशों के भाग लेने के साथ लिखित शब्द के प्रति जुनून का जश्न मनाया जाएगा। साथ ही मेले में 2,000 से अधिक प्रकाशक और प्रदर्शक और विभिन्न राष्ट्रीयताओं व भाषाओं के 1,000 से अधिक वक्ता शामिल होंगे। फ्रांस, कतर, स्पेन, संयुक्त अरब अमीरात, सऊदी अरब और कोलंबिया समेत अन्य दूसरे देशों के लेखक व वक्ताओं के इसमें नाम हैं। पुस्तक मेले में रूस को फोकस राष्ट्र के रूप में नामित किया गया है। नेशनल बुक ट्रस्ट की तरफ से जानकारी दी गई है कि इस बार के पुस्तक मेले की थीम 'रिपब्लिक@75' (हम भारत के लोग) होगी। मेले में पुस्तक, साहित्य और संस्कृति को केंद्र में रखा गया है। आयोजकों का दावा है कि यह पहले से कहीं अधिक बड़ा और बेहतर होने वाला है।

## छठे नंबर पर हार्दिक-शिवम ने की दूसरी सबसे बड़ी साझेदारी


**पुणे।**



साकिब ने इस मौके को भुनाने में कोई कसर नहीं छोड़ी। उन्होंने पारी के दूसरे ओवर में तीन विकेट चटकाए और भारत के शीर्ष क्रम को तहस-नहस कर दिया। पहली गेंद पर संजू सैमसन (1) को पवेलियन भेजा, दूसरे गेंद पर तिलक वर्मा (0) को आउट किया। इसके बाद ओवर की आखिरी गेंद पर कप्तान सूर्यकुमार यादव (0) को भी लौटने पर मजबूर कर दिया। भारत और इंग्लैंड के बीच जारी पांच मैचों की टी20 सीरीज का चौथा मुकाबला पुणे में खेला गया। इस मैच में भारतीय टीम ने जोस बटलर की सेना को 15 रनों से हराकर 3-1 से सीरीज में अजेय बढ़त बनाई और घर में लगातार 17वीं सीरीज अपने नाम की।

### चालक ने महाकुंभ स्पेशल ट्रेन चलाने से किया मना, बोला- 16 घंटे से कर रहा हूं ड्यूटी

**मिजार्पुर।** हंगामा बढ़ता देख स्टेशन मास्टर ने कछवां थाना को सूचना कर दिया। चालक ने स्टेशन मास्टर को सूचना दी कि 16 घंटे लगातार ड्यूटी करने से उसकी तबीयत खराब हो गई है। इस कारण ट्रेन आगे नहीं ले जा पाउंगा। कछवां थाना से उच्चाधिकारियों को जानकारी दी गई। मिजार्पुर के निगतपुर रेलवे स्टेशन के आउटर पर तीन घंटे खड़ी रहने के बाद यात्रियों को लेकर जा रही महाकुंभ स्पेशल ट्रेन के लोको पायलट ने ट्रेन आगे ले जाने से मना कर दिया। बताया कि 16 घंटे लगातार ड्यूटी करने कारण उसकी तबीयत खराब हो गई है।



## द्वारका में गरजे पीएम मोदी

# बोले- दिल्ली में तकरार वाली नहीं तालमेल वाली सरकार चाहिए

**नई दिल्ली।**

मोदी ने कहा कि दिल्ली को केंद्र और राज्य सरकार की डबल इंजन वाली सरकार चाहिए। आपने पहले कितने ही साल कांग्रेस को देखा, फिर दिल्ली पर अअढ-दा वालों ने कब्जा कर लिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिल्ली चुनाव को लेकर द्वारका में एक जनसभा को संबोधित किया।

नरेंद्र मोदी ने कहा कि दिल्ली में मतदान होने में अब बस पांच दिन बचे हैं। दिल्ली ने ठान लिया है कि अअढ-दा वालों को भगाना है, इस बार भारी बहुमत से भाजपा सरकार बनाना है। उन्होंने कहा कि भाजपा दिल्ली को जितना आधुनिक बनाना चाहती है, उसकी एक झलक यहां द्वारका में दिखती है। केंद्र सरकार ने यहां भव्य यशोभूमि का निर्माण करवाया, यशोभूमि की वजह से यहां द्वारका, दिल्ली के हजारों नौजवानों को रोजगार मिला है, यहां लोगों का व्यापार बढ़ा है। आने वाले समय में ये पूरा क्षेत्र एक प्रकार से स्मार्ट शहर होगा। मोदी ने कहा कि दिल्ली को केंद्र और राज्य सरकार की डबल इंजन वाली सरकार चाहिए। आपने पहले कितने ही साल कांग्रेस को देखा, फिर दिल्ली पर अअढ-दा वालों ने कब्जा कर लिया। आपने मुझे देश की सेवा करने का बार-बार अवसर दिया है, अब आप मुझे डबल इंजन सरकार बनाकर दिल्ली की भी सेवा करने का मौका दें। उन्होंने कहा कि बीते 11 साल में अअढ-दा ने सबके साथ लड़ाई-झगड़ा ही किया है।

**गरीबों के घर के लिए यहां भाजपा सरकार बननी जरूरी है**

## सोनिया गांधी के बचाव में उतरीं प्रियंका, कहा- राष्ट्रपति का सम्मान करती हैं मेरी मां




**नई दिल्ली।**

कांग्रेस सांसद ने आगे कहा कि मुझे लगता है कि यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है कि मीडिया द्वारा इस तरह की बात को तोड़-मरोड़कर पेश किया जाता है। वे दोनों दो सम्मानित लोग हैं और हमसे उम्र में बड़े हैं।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू पर सोनिया गांधी की टिप्पणी को लेकर भाजपा द्वारा माफी मांगे जाने की मांग किये जाने पर प्रियंका गांधी का बयान सामने आया है। प्रियंका गांधी ने भाजपा पर पलटवार करते हुए कहा कि उन्हें पहले देश को बर्बाद करने के लिए माफी मांगनी चाहिए। प्रियंका गांधी ने कहा कि मेरी मां 70-80 साल की बुजुर्ग महिला हैं, उन्होंने बस इतना कहा है कि राष्ट्रपति ने इतना लंबा भाषण पढ़ा और वह थक गई होंगी, बेचारी। वह भारत के राष्ट्रपति का पूरा सम्मान करती हैं। कांग्रेस सांसद ने आगे कहा कि मुझे लगता है कि यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है कि मीडिया द्वारा इस तरह की बात को तोड़-मरोड़कर पेश किया जाता है। वे दोनों दो सम्मानित लोग हैं और हमसे उम्र में बड़े हैं।

उनका अनादर से कोई मतलब नहीं है। भाजपा को पहले खाई में धकेलने के लिए माफी मांगनी चाहिए। भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष जे पी नड्डा ने सोनिया गांधी की टिप्पणी की निंदा की और मांग की कि वह राष्ट्रपति और भारत के आदिवासी समुदायों से बिना शर्त माफी मांगें।

# दिल्ली में छाएगा कोहरा, कश्मीर में बर्फबारी से बदलेगा मौसम

**नई दिल्ली।**

दिल्ली में जनवरी का ठंड के लिहाज से अच्छा नहीं गया। न्यूनतम तापमान के आधार पर भी यह आठ सालों की सबसे गर्म जनवरी रही है। इस साल औसत न्यूनतम तापमान 8.4 डिग्री रहा है। मौसम विभाग के अनुसार दिल्ली में कोहरा रहेगा। जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, गिलगित-बाल्टिस्तान और मुजफ्फराबाद में छिटपुट से लेकर व्यापक वर्षा और बर्फबारी की संभावना है। पंजाब और हरियाणा में मध्यम वर्षा की उम्मीद है। केरल और तमिलनाडु में भारी बारिश हो सकती है। 1-4 फरवरी के बीच दो ताजा पश्चिमी विक्षोभों के इस क्षेत्र को प्रभावित करने की उम्मीद है, जिससे कई राज्यों में महत्वपूर्ण वर्षा होगी। उत्तराखंड में 1-4 फरवरी तक बारिश और बर्फबारी होने की उम्मीद है। इन पश्चिमी विक्षोभों के प्रभाव के तहत, हिमाचल प्रदेश, जम्मू और कश्मीर, लद्दाख, गिलगित-बाल्टिस्तान और मुजफ्फराबाद में 30 जनवरी से 5 फरवरी तक छिटपुट से मध्यम वर्षा और बर्फबारी का अनुभव होगा।



### भारत में फरवरी के अधिक गर्म और शुष्क रहने की संभावना

जनवरी में गर्म और शुष्क मौसम के बाद फरवरी में भारत के अधिकांश हिस्सों में सामान्य से अधिक तापमान और सामान्य से कम वर्षा होने की आशंका है। फरवरी में दीर्घावधि औसत (1971-2020) 22.7 मिमी के 81 प्रतिशत से कम वर्षा होने की आशंका है।मौसम विभाग के महानिदेशक मृत्युंजय महापात्र ने बताया कि पश्चिम-मध्य, प्रायद्वीपीय और उत्तर-पश्चिम भारत के कुछ क्षेत्रों को छोड़कर देश के अधिकांश हिस्सों में सामान्य से कम वर्षा होने की आशंका है। उत्तर-पश्चिम और प्रायद्वीपीय भारत के कुछ हिस्सों को छोड़कर अधिकांश क्षेत्रों में फरवरी में न्यूनतम तापमान सामान्य से अधिक रहने का पूर्वानुमान है। इसी तरह पश्चिम-मध्य और प्रायद्वीपीय भारत के कुछ हिस्सों को छोड़कर अधिकांश क्षेत्रों में अधिकतम तापमान सामान्य से अधिक रहने की संभावना है।

## संपादक की कलम से

### महाकुंभ की त्रासदी

प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ में मौनी अमावस्या पर तड़के हुए हादसे में कुछ श्रद्धालुओं की मौत की घटना निश्चित रूप से दुर्भाग्यपूर्ण है। यूं तो अतीत में भी प्रयागराज, हरिद्वार, नासिक व उज्जैन के कुंभों के दौरान भी कई दुर्भाग्यपूर्ण घटनाएं हुई हैं, लेकिन सवाल है कि क्या हम अतीत के हादसों से कोई सबक ले पाए हैं? यूं तो उत्तर प्रदेश की योगी सरकार द्वारा मेला प्रबंधन व सुरक्षा के चाकचौबंद बंदोबस्त के दावे किए गए थे, लेकिन मौनी अमावस्या की घटना ने यह दुखद स्थिति पैदा कर दी है। करोड़ों तीर्थयात्रियों का अचानक किसी धार्मिक आयोजन में पहुंचना निश्चित रूप से शासन व प्रशासन के लिये बड़ी चुनौती बन जाती है। लेकिन इसके बावजूद शासन–प्रशासन की प्राथमिकता दुर्घटना मुक्त आयोजन ही होना चाहिए।



ललित शर्मा
संपादक

दरअसल, ऐसे आयोजनों में तीर्थयात्रियों की जल्दीबाजी और पहले स्नान करने की होड़ अकसर ऐसी भगदड़ पैदा कर देती है। जो बताती है कि हम सार्वजनिक जीवन में ऐसे बड़े आयोजनों में अनुशासित व्यवहार करने से चूक जाते हैं। दुर्भाग्यपूर्ण घटनाक्रम इस बात का भी संकेत है कि कुंभ के आयोजनों में पिछले बड़े हादसों के सबक हम पूरी तरह सीख नहीं पाए हैं। हालांकि, शासन–प्रशासन को इस बात का अंदाज था कि इस बार करोड़ों की भीड़ जुटेगी, लेकिन फिर भी कहीं न कहीं सावधानी में चूक तो हुई है। निस्संदेह, महाकुंभ का आयोजन भारतीय सनातन परंपरा का अटूट हिस्सा रहा है। बिना चिट्ठी व तार देश के कोने–कोने से तीर्थयात्री महाकुंभ में जुटते हैं। कल्पवास में संयमित जीवन से आध्यात्मिक लाभ अर्जित करते हैं। लेकिन बदलते वक्त के साथ यातायात के साधनों की उपलब्धता से ऐसे आयोजनों पर भीड़ का दबाव लगातार बढ़ता जा रहा है। मीडिया की सक्रियता ऐसे आयोजन के प्रति अतिरेक आकर्षण पैदा कर देती है, जिससे श्रद्धालुओं का अप्रत्याशित सैलाब कुंभ नगरी की तरफ मुड़ जाता है। निश्चित रूप से समय के साथ आये सामाजिक बदलावों के मद्देनजर शासन–प्रशासन को महाकुंभ के आयोजन में अतिरिक्त सावधानी बरतने की जरूरत है। निश्चित रूप से महाकुंभ के आयोजन से जुड़े तंत्र को उन कारकों पर गंभीरता से विचार करना चाहिए, जिसके चलते इस त्रासदी की छाया प्रयागराज महाकुंभ पर पड़ी। उन तमाम संभावनाओं पर विचार करने की जरूरत है जो कुंभ जैसे बड़े आयोजनों को दुर्घटनाओं से निरापद बनाने में सहायक हो सकती हैं। हालांकि, प्रयागराज महाकुंभ में एआई, ड्रोन व कंप्यूटरों के जरिये व्यापक सुरक्षा प्रबंधों की निगरानी की जा रही है, लेकिन अभी भी अफवाहों व भगदड़ की प्रवृत्ति पर रोक लगाने के लिये और अधिक प्रयास करने की जरूरत है।

# समान नागरिक संहिता लागू करने वाला प्रथम राज्य बना उत्तराखंड

देवभूमि उत्तराखंड समान नागरिक संहिता लागू करने वाला भारत का पहला राज्य बन गया है। वर्ष 2022 में उत्तराखंड विधानसभा चुनावों के दौरान भाजपा ने राज्य में सत्ता में आने पर समान नागरिक संहिता लागू करने का संकल्प लिया था। मुख्यमंत्री बनते ही अपने मंत्रिपरिषद की पहली बैठक में पुष्कर सिंह धामी ने समान नागरिक संहिता के प्रस्ताव तथा उसके लिए एक विशेषज्ञ समिति का गठन करने की अनुमति दी थी। उत्तराखंड विधानसभा में यह विधेयक पारित हो जाने के बाद 27 जनवरी 2025 को यह कानून लागू हो गया है। कानून के क्रियान्वयन के लिए एक पोर्टल भी लांच किया गया है जिसमें सभी दिशा निर्देश जारी किये गये हैं। समान नागरिक संहिता कानून लागू होने के कारण राज्य में व्यापक बदलाव होने जा रहा है। यह कानून महिला सुरक्षा को व्यापक स्तर पर प्राथमिकता दे रहा है। यह कानून अनुसूचित जातियों/जनजातियों को छोड़कर संपूर्ण उत्तराखंड राज्य तथा राज्य से बाहर रहने वाले उत्तराखंड के समस्त निवासियों पर लागू होगा।

पोर्टल लांच करते समय मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि कानून में किसी भी धर्म की मूल मान्यताओं और प्रथाओं को समाप्त नहीं किया गया है। इस कानून द्वारा सभी लोगों के लिए शादी, तलाक और उत्तराधिकार के नियमों को समान किया गया है। सभी धर्म के लोग अपने-अपने रीति रिवाज के अनुसार शादी कर सकते हैं।

स्वाभाविक रूप से कांग्रेस के नेतृत्व वाली सेक्युलर ताकतों तो यह कानून पसंद नहीं आ रहा है, वहीं कुछ मुस्लिम कट्टरपंथी संगठन इस कानून को कोर्ट में चुनौती देने की तैयारी कर रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अनेक अवसरों पर समान नागरिक संहिता कानून की बात रख चुके हैं। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर लाल किले से संबोधन तथा संसद में राष्ट्रपति के अभिभाषण का जवाब देते हुए भी प्रधानमंत्री मोदी सुप्रीम कोर्ट के निदेर्शानुसार समान नागरिक संहिता लागू करने के लिए प्रतिबद्धता जता चुके है और उत्तराखंड के माध्यम से यह पहल आगे बढ़ रही है। समान नागरिक संहिता लागू हो जाने के बाद सभी धर्म, जाति व पंथ के लोगों को समान अधिकार मिलने प्रारम्भ हो जायेंगे। इस कानून में महिलाओं को विशिष्ट लाभ प्राप्त होगा।

मुस्लिम तुष्टिकरण की विकृत राजनीति के चलते कांग्रेस ने सदा समान नागरिक संहिता का विरोध किया। अगर कांग्रेस में इच्छाशक्ति होती तो यह कानून पूर्व प्रधानमंत्री नेहरू जी के समय में ही लागू हो गया होता किंतु वह मुस्लिम तुष्टिकरण में इतने डूब चुके थे कि उन्हें पूर्व राष्ट्रपति स्वर्गीय डॉ. राजेंद्र प्रसाद सहित कई कांग्रेसी नेताओं के विचार अच्छे नहीं लगे। यहां तक कि डॉ. भीमराव अम्बेडकर भी संविधान में ही समान नागरिक संहिता को रखने के प्रबल पक्षधर थे और इन्हीं सब मुद्दों के कारण डॉ. अम्बेडकर और नेहरू जी के मध्य विवाद था।

उत्तराखंड विधानसभा द्वारा पारित विधेयक चार खंडों में विभाजित है। पहला खंड- यूजीसी की धाराओं के उल्लंघन पर छह माह तक कारावास व 50 हजार रुपए जुमार्ने की व्यवस्था की गई है। विवाह विच्छेद के मामलों में तीन वर्ष का कारावास रखा गया है। पुनर्विवाह के लिए तय नियम के उल्लंघन पर एक लाख रुपये तक का जुमार्ना व छह मास तक के कारावास का प्रबंध किया गया है।

महिलाओं को समान अधिकार- संपत्ति में सभी धर्मों की महिलाओं को समान अधिकार दिया गया है। सभी जीवित बच्चे पुत्र अथवा पुत्री संपत्ति में बराबर के अधिकारी बनाये गये हैं। अगर कसी व्यक्ति की वसीयत नहीं है और उसकी कोई संतान अथवा पत्नी नहीं है तो उत्तराधिकार के लिए रिश्तेदारों को प्राथमिकता दी गई है।



समान नागरिक संहिता का तीसरा खंड अत्यंत विशिष्ट है। जिसमें आजकल प्रचलन में आए लिव इन रिलेशनशिप का पंजीकरण अनिवार्य कर दिया गया है। लिव इन में पैदा हुए बच्चे को भी वैध संतान माना गया है। अब नये कानून के अंतर्गत लिव इन रिलेशनशिप को कोई भी पक्ष समाप्त भी कर सकता है। यदि किसी भी धर्म का कोई पुरुष अपनी पत्नी को छोड़ देता है तो वह उसे भरण पोषण की मांग कर सकती है। किसी एक पक्ष के नाबालिग अथवा विवाहित होने पर लिव इन की अनुमति नही दी जाएगी।

उत्तराखंड में लागू समान नागरिक संहिता विधेयक में पति की क्रूरता और विवाहेत्तर संबंधों पर पत्नी को भी तलाक का अधिकार दिया गया है। प्रस्तावित कानूनों के अंतर्गत नपुंसकता या जानबूझकर यौन संबंध नहीं बनाने पर विवाह शून्य हो जायेगा। समान नागरिक संहिता में यह भी स्पष्ट किया गया है कि इस अधिनियम के अलावा किसी अन्य प्रथा/ परंपरा के अंतर्गत तलाक मान्य नहीं होगा। किसी प्रथा रूढ़ी या परंपरा के तहत तलाक देने पर तीन साल की जेल और सजा का प्रावधान भी किया गया है। पूर्व की पत्नी होने के बावजूद पुनर्विवाह करने पर तीन वर्ष की जेल एक लाख रुपये तक जुमार्ना और सजा भी बढ़ाई जा सकती है।

यह कानून उत्तराखंड के सभी नागरिकों को समान अधिकार और अवसर देगा, विशेषकर उन महिलाओं के सम्मान व अधिकार की रक्षा होगी जिन परंपराओं में पुरुष वर्चस्व का चलन है। देवभूमि उत्तराखंड की मुस्लिम महिलाओं को अब तीन तलाक, बहुविवाह और हलाला जैसी बर्बर प्रथाओं से मुक्ति मिलेगी। लिव इन रिलेशनशिप को लेकर जो व्यवस्था समान नागरिक संहिता में की गई है उससे लव जिहाद में फंसकर अपने प्राणों तक की आहुति देने वाली बेटियों को भी एक बड़ा सुरक्षा कवच मिल गया है। सुप्रीम कोर्ट ने भी कई अवसरों पर माना और कहा कि केंद्र सरकार को एक समान नागरिक संहिता लानी ही चाहिए और जिसे उत्तराखंड की सरकार ने पूर्ण कर दिखाया है। उत्तराखंड विधानसभा से समान नागरिक संहिता विधेयक पारित हो जाने के बाद अब उत्तर प्रदेश, राजस्थान, गुजरात, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश आदि अनेक प्रांतों ने भी इसे लागू करने की तैयारी प्रारम्भ कर दी है।

उत्तराखंड में समान नागरिक संहिता कानून को यूनिफार्म की बजाय कॉमन सिविल कानून नाम दिया गया है। यह एक प्रगतिशील कानून है। इस कानून का एकमात्र उद्देश्य महिलाओं और बाल अधिकारों को सुरक्षित करना है। यह कानून लोगों के अधिकार छीनने का नहीं अपितु लोगो को अधिकार देने से सम्बंधित है। यह कानून सामाजिक न्याय की दिशा में एक बड़ा कदम है। इस कानून से विभिन्न धर्मों के वैवाहिक रीतिझरिवाजों पर कोई असर नहीं पड़ने वाला है। ज्ञातव्य है कि समान नागनिक संहिता के विरोधी इसे बढ़ा चढ़ाकर अपने हिसाब से प्रस्तुत कर रहे हैं। इस कानून के अंतर्गत मुसलमानों में निकाह, सिखों में आनंद कारज, हिंदुओं में अग्नि के समक्ष फेरे और ईसाई की विवाह अपनी-अपनी मान्यताओं के अनुसार ही होते रहेंगे।

उच्चतम न्यायालय ने कई अवसरों पर समान नागरिक संहिता लागू करने पर बल दिया है सन 1973 में उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश एम. एच. बेग ने बहुविवाह जैसी कुप्रथा पर रोक लगाने और तलाक के मामलों में न्यायिक हस्तक्षेप की सिफारिश की थी। केरल उच्च न्यायालय के जज वी. खालिद ने भी मार्च 1973 में मुसलमानों से अनुरोध किया था कि वह महिला अधिकारों की दिशा में सुधार पर ध्यान दें। 10 मई 1995 को उच्चतम न्यायालय ने तत्कालीन प्रधानमंत्री पी. वी. नरसिंह राव से अनुच्छेद 44 पर पुनर्विचार करने को कहा था उस खंडपीठ में न्यायाधीश कुलदीप सिंह और आरएम सहाय शामिल थे। 13 सितंबर 2019 को उच्चतम न्यायालय ने एक बार फिर समान नागरिक संहिता पर बल दिया। 11 मई 1962 को कांग्रेस की राज्यसभा सांसद श्रीमती सीता परमानंद ने एक निजी विधेयक प्रस्तुत किया था जिसका शीर्षक था यूनिफार्म सिविल कोड फॉर कंट्री। 29 जुलाई 1986 को केंद्रीय विधि मंत्री हंसराज भारद्वाज ने वादा किया था कि समान नागरिक कानून के प्रस्ताव को लागू करने के लिए सरकार तीव्र गति से प्रयास कर रही है किंतु कांग्रेस यह वादा ही रह गया। -मृत्युंजय दीक्षित

## लक्ष्मी नारायण सेन

### बसंत का प्रभाव

कविता



देख बसंत का प्रभाव
ठंड का हो रहा अभाव
रखता है यह सम भाव
इस ऋत का है स्वभाव।।

देख बसंत का प्रभाव
हो रहा मौसम से लगाव
समशीतोष्ण का है भाव
प्रकृति की भर देता घाव।।

देख बसंत का प्रभाव
कहाँ कोई खास ताव
दूर होता अब अलाव
सर्दीगर्मी का बना नाव।।

देख बसंत का प्रभाव
माँ का हुआ प्रादुर्भाव
ज्ञान का हुआ फैलाव
पुरवाई का हुआ बहाव।।

देख बसंत का प्रभाव
लालिमा हुआ पलाश
सबको आता यह राश
मौसम लगता खास।।

देख बसंत का प्रभाव
रसराज मे आया बौर
सज रहा माथे मे मौर
पतझड़ का आया दौर।।

# सदनों की कार्यवाही का सीधा प्रसारण का संज्ञान लिया जाए- संसद हुल्लड़ की जगह नहीं बल्कि लोकतंत्र का मंदिर है



गोंदिया

वेलकम इंडिया

विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र भारत में बजट सत्र दो भागों में 31 जनवरी 2025 से शुरू हो गया है जो 13 फरवरी तक व दूसरा भाग 10 मार्च से 4 अप्रैल तक चलेगा। पिछले अनेक सत्र जैसे बजट सत्र शीतकालीन सत्र मानसून सत्र सहित सभी सत्रों में देख रहे हैं कि सभी हंगामेंदार रहे हैं। हर सत्र में कोई मुद्दा इशू बना जाता है और फिर सत्र के पूरे दिन हंगामा की भेंट चढ़ जाते हैं ।वैसे तो हम अनेक सत्रों मैं लाइव टेलीकास्ट देखते आ रहे हैं कि हमेशा विपक्ष ही हंगामा करता है, परंतु पिछले एक सत्र में जनता यह देखकर हैरान रह गई कि सत्ता पक्ष के सांसद हंगामा कर रहे थे, जो मुद्दा अमेरिकी सांसद व विपक्ष के नेता के परिवार के हितों से जुड़ा था। हालांकि सदन के सभी सदस्य जानते हैं की कार्यवाही का सीधा प्रसारण हो रहा है। संसद हुल्लड़ की जगह नहीं लोकतंत्र का मंदिर है, फिर भी जनप्रतिनिधियों द्वारा सदनों में अवस्था का लगातार बढ़नां राष्ट्रीय चिंता का विषय है। हालांकि 31 जनवरी 2025 से शुरू हुए संसद सत्र में भी हंगामे के आसार दिख रहे हैं, क्योंकि 30 जनवरी 2025 को हुई सर्वदलीय बैठक में विपक्ष ने वक़्फ बिल, एक राष्ट्र एक चुनाव, महाकुंभ भगदड़ त्रासदी पर शाब्दिक तलवार खींचने का संकेत दे दिया है। मेरा मानना है कि हंगामा 31 जनवरी 2025 को राष्ट्रपति भाषण से ही शुरू होगा व 1 फरवरी 2025 को बजट पेश होने पर बजट को सरकार की नाकामी का प्रतीक, बताया जा सकता है कि इस बजट रोजगार स्वास्थ्य व युवाओं को निगलेट किया गया है,क्योंकि बजट के दोनों भागों में हंगामा होने के आसार लग रहे हैं, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे,लगातार कई संसद सत्रों के हंगामा की भेंट चढ़ने के से जनता का विश्वास घटा है। सत्तापक्ष विपक्ष दोनों पक्षो कार्रवाई की पवित्रता के प्रति सजग रहने की आवश्यकता है।

साथियों बात अगर हम बजट सत्र हंगामेदार होने का इशारा 30 जनवरी 2025 को सर्वदलिय बैठक से मिलने की करें तो, संसद का बजट सत्र शुक्रवार से शुरू हो चुका है, जो हंगामेदार हो सकता है। विपक्षी दल प्रयागराज में महाकुंभ मेले में हुई भगदड़, जिसमें 30 श्रद्धालुओं की मौत हो गई थी, को लेकर सरकार पर निशाना साधने की तैयारी में हैं। वहीं संसद सत्र से पहले रक्षामंत्री की अध्यक्षता में हुई सर्वदलीय बैठक में विपक्षी दलों ने सरकार पर संसदीय समितियों का राजनीतिकरण करने और अपने बहुमत का इस्तेमाल कर जबरन अपना एजेंडा लागू करने का आरोप लगाया। संसद के बजट सत्र के हंगामेदार होने के पूरे आसार हैं, क्योंकि महाकुंभ भगदड़, वीआईपी संस्कृति संसदीय समितियों का राजनीतिकरण,और अन्य मुद्दों को लेकर विपक्ष के तेवर गरम हैं। वहीं सरकार ने भी अपनी रणनीति बनाई है और कई विधेयकों को पेश करने की योजना बनाई है ।बजट सत्र के साथ ही सत्ताधारी गठबंधन और विपक्षी गठबंधन दोनों ही एक दूसरे पर और भी अधिक जोश और उग्रता से हमला करने के लिए कमर कस रहे हैं। यह न केवल केंद्रीय बजट 2025 बल्कि विवादास्पद वक्फ संशोधन विधेयक और एक राष्ट्र एक चुनाव विधेयक पर भी फैसला करेगा क्योंकि दोनों को संयुक्त संसदीय समिति को भेजा गया है ।राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव में विपक्षी सदस्यों द्वारा सरकार पर हमला किये जाने की सबसे अधिक संभावना है। केंद्रीय बजट 2025 पर बिंदुवार चर्चा की जाएगी और विपक्ष तथा सत्ता पक्ष के बीच विस्तृत बहस होने की उम्मीद है।




साथियों बात अगर हम विपक्ष की नाराजी की बात करें तो, नाराजगी का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि जेपीसी के अध्यक्ष ने विपक्ष द्वारा पेश किए गए सभी 44 संशोधनों को खारिज कर दिया। जेपीसी ने 14 संशोधन स्वीकार किए, जो सभी भाजपा सदस्यों द्वारा पेश किए गए थे। जेपीसी अध्यक्ष को सौंपे गए असहमति नोट में विपक्षी सदस्यों ने आरोप लगाया कि यह विधेयक मुस्लिम समुदाय के संवैधानिक अधिकारों पर हमला है और वक्फ बोर्डों के कामकाज में हस्तक्षेप है ।बजट सत्र में उठाया जाने वाला एक अन्य विवादास्पद मुद्दा एक राष्ट्र, एक चुनाव विधेयक है, जिस पर भी बैठकें होंगी। बजट सत्र के दौरान उठाए जाने वाले अन्य विधेयकों में लोकसभा में लंबित कई विधेयक शामिल हैं, जिन पर चर्चा हो सकती है। सरकार सत्र के दौरान नए कानून भी लाएगी। लंबित विधेयकों में अनुसूचित जनजाति प्रतिनिधित्व गोवा विधेयक, वक्फ (संशोधन) विधेयक, समुद्र द्वारा माल परिवहन विधेयक, तटीय नौवहन विधेयक, मर्चेंट नौवहन विधेयक तथा पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस विधेयक शामिल थे ।कांग्रेस नेता ने कहा कि विपक्षी गठबंधन ह्यइंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंसह्व(इंडिया) संसद के बजट सत्र में सभी मुद्दों को उठाएगा। सत्र से पहले सर्वदलीय बैठक से बाहर निकलते हुए उन्होंने महा कुंभ के कथित राजनीतिकरण की भी आलोचना की और कहा कि महा कुंभ के दौरान अतिविशिष्ट लोगों के लिए आवाजाही से आम आदमी के लिए मुश्किलें पैदा हो रही हैं ।विपक्षी दलों ने कहा कि वे महा कुंभ में कुप्रबंधन का मुद्दा उठाएंगे, जिसके कारण 30 लोगों की मौत हो गई। विपक्षी दलों ने कहा कि उन्हें मृतकों और घायलों की आधिकारिक गणना में अधिक पारदर्शिता की आवश्यकता है। कुंभ को केवल अधिक तीर्थयात्रियों को आकर्षित करने के लिए महाकुंभ कहा जा रहा है। विपक्ष ने कहा कि वो क्फ समिति के पक्षपातपूर्ण कामकाज का, रुपये में गिरावट और यूजीसी नियमों का मुद्दा उठाएंगे। वहीं, लोजपा ने बिहार के लिए विशेष औद्योगिक पैकेज की मांग की है। आज की बैठक में केंद्रीय रक्षा मंत्री ने सर्वदलीय बैठक की अध्यक्षता की, जो राजनीतिक दलों को सरकार के विधायी एजेंडे के बारे में सूचित करने और सत्र के दौरान उनके द्वारा उठाए जाने वाले मुद्दों पर जानकारी प्राप्त करने के लिए बुलाई जाती है। संसदीय मामलों के मंत्री ने बैठक खत्म होने के बाद बताया कि इसमें 36 दलों के 52 नेता शामिल हुए। बैठक में सरकार ने बजट सत्र का एजेंडा रखते हुए बताया कि सरकार की ओर से इस सत्र के बजट पेश करने समेत 16 महत्वपूर्ण बिल पेश किए जाएंगे। जिसमें वक्फ संशोधन बिल 2024, मुसलमान वक्फ रिपील बिल 2024 भी शामिल है।

साथियों बात अगर हम बजट सत्र 2025 में पेश होने वाले 16 विधेयकों की करें तो,बजट सत्र 2025 के दौरान पेश किए जा सकते हैं ये विधेयक (1) बैंकिंग (संशोधन) विधेयक, 2024 (2) रेलवे (संशोधन) विधेयक, 2024 (3) आपदा प्रबंधन (संशोधन) विधेयक, 2024 (4) तेल क्षेत्र (विनियमन और विकास) संशोधन विधेयक, 2024 (5) बॉयलर बिल, 2024 (6) गोवा राज्य के विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में अनुसूचित जनजातियों के प्रतिनिधित्व कापुनर्समायोजन विधेयक, 2024 (7) वक्फ (संशोधन) विधेयक, 2024 (8) मुसलमान वक्फ (निरसन) विधेयक, 2024 (9) बिल ऑफ लैडिंग बिल, 2024 (10) समुद्र द्वारा माल की ढुलाई विधेयक, 2024 (11) तटीय नौवहन विधेयक, 2024 (12) मर्चेंट शिपिंग बिल, 2024 (13) वित्त विधेयक, 2025(14) विमान वस्तुओं में हितों का संरक्षण विधेयक, 2025 (15) त्रिभुवन सहकारी विश्वविद्यालय विधेयक, 2025 (16) आप्रवासन और विदेशी विधेयक, 2025 अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर इसका विश्लेषण करेंगे तो हम पाएंगे कि सदनों की कार्रवाही का सीधा प्रसारण का संज्ञान लिया जाए- संसद हुल्लड़ की जगह नहीं बल्कि लोकतंत्र का मंदिर है ।जन प्रतिनिधियों की सदनों में लगातार अव्यवस्था का बढ़नां राष्ट्रीय चिंता का विषय है ।लगातार कई संसद सत्रों के हंगामे की भेंट चढ़ने से जनता का विश्वास घटा- सत्ता पक्ष व विपक्ष दोनों को कार्यवाही की पवित्रता के प्रति सजग रहने की आवश्यकता है।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड़, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर, दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया। संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्रः 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

# सड़क सुरक्षा की मुहिम रहेगी जारी : जिला कलेक्टर

वेलकम इंडिया



**धौलपुर।** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह का समापन जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी के मुख्य आतिथ्य में नगर परिषद के ऑडिटोरियम में संपन्न हुआ। जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी ने कहा कि सड़क सुरक्षा जैसा आयोजन किसी माह तक सीमित नहीं होना चाहिए बल्कि सड़क सुरक्षा को लेकर आयोजन निरंतर होते रहने चाहिए। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा माह समाप्त हुआ है लेकिन सड़क सुरक्षा जागरूकता मुहिम जारी रहेगी। जिला पुलिस अधीक्षक सुमित मेहरड़ा ने कहा कि विद्यालय संचालक बाल वाहिनियों में क्षमता से अधिक छात्रों का परिवहन ना करे और थोड़े से लाभ के लिए विद्यार्थियों के जीवन को खतरे में ना डालें और यातायात नियमों की पालना करें। उन्होंने कहा कि दंडात्मक कार्रवाई से यदि आप नियमों की पालना करते हैं तो आप अपने जीवन के साथ धोखा कर रहे हैं।

एन एच ए आई सुरेंद्र सिंह ने राष्ट्रीय राजमार्ग पर सड़क दुर्घटनाओं के दौरान दी जाने वाली सुविधाओं के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आपातकाल परिस्थितियों में एनएचएआई द्वारा वाहन खराब हो जाने की स्थिति में वाहन की मरम्मत कर सड़क दुर्घटना में घायल को तत्काल प्रभाव से नजदीकी चिकित्सालय में पहुंचाया जाता है ।इस अवसर पर जैन समाज की ओर से यमराज और चित्रकूट के नाटक का मंचन किया गया, जिसमें उन्होंने अपील की, कि डुप्लीकेट हेलमेट का उपयोग न करें सिर पर सदैव आईएसआई मार्क का हेलमेट ही लगाए। समापन समारोह के दौरान न्यू रॉयल पब्लिक विद्यालय की ओर से यातायात नियमों को लेकर एक नाटक का मंचन किया गया। समारोह के विद्यालय द्वारा यातायात नियमों से संबंधित साइनों का भी प्रदर्शन किया गया। विद्यार्थियों को यातायात नियमों की पालना को लेकर शपथ ग्रहण कराई गई।

समापन समारोह से पूर्व विद्यालय के बच्चों द्वारा यातायात नियमों को लेकर रैली निकाली गई जो कि शहर के विभिन्न मार्गो से होते हुए ऑडिटोरियम पर समाप्त हुई।

## जामिया बरकातिया हजरत सूफी निजामुद्दीन में दस्तार बन्दी व औलिया कॉन्फ्रेंस 4 फरवरी को

**संतकबीरनगर।** जामिया बरकातिया हजरत सूफी निजामुद्दीन लौहरोली में औलिया कॉन्फ्रेंस 4 फरवरी को इशा की नमाज के बाद हजरत अल्लामा सुफी हबीबुर्रहमान रजवी सज्जादा नशीन दरगाह हजरत सूफी निजामुद्दीन अगया शरीफ की सरपरस्ती,हजरत अल्लामा जियाउल मुस्तफा निजामी व हजरत अल्लामा मोहम्मद सईद निजामी की अध्यक्षता में होगी। हजरत मौलाना सनाउल मुस्तफा निजामी प्रिंसिपल जामिया ने बताया की इसमें हजरत अल्लामा मोहम्मद फारूक निजामी प्रिंसिपल अलीमिया जमदा शाही, हजरत अल्लामा मोहम्मद अली निजामी,हजरत अल्लामा बदरुद्दीन निजामी का खिताब होगा। इन के अलावा हजरत अल्लामा निसार अहमद आजमी, हजरत अल्लामा हैदर अली अशरफी, हजरत कारी राज मुहम्मद रिजवी, हजरत अल्लामा सिराजुद्दीन निजामी, हजरत अल्लामा मशहूद अहमद आजमी, हजरत मौलाना अब्दुल गफ़्फार ओवैसी, हजरत मुफ़्ती शकीलुर्रहमान निजामी, कारी अजीजुर्रहमान रिजवी, मौलाना मुहीब्बुर्रहमान मिस्बाही, मौलाना कौसर अली, और अन्य विद्वान सम्मेलन में भाग लेंगे।

# डीएम ने एंटी इलीगल माइनिंग फोर्स के साथ कांडा क्षेत्र का किया निरीक्षण



वेलकम इंडिया

**बागेश्वर।** जिलाधिकारी आशीष भटगांई ने गुरुवार को जिला एंटी इलीगल माइनिंग फोर्स के साथ कांडा अन्तर्गत खनन क्षेत्रों का भ्रमण किया। तथा खड़िया खुदानों के मानकों की बारीकी से जांच पड़ताल की। जिलाधिकारी ने छह खड़िया खुदानों का स्थलीय निरीक्षण कर जायजा लिया। जिसमें खनन खुदानों में वैज्ञानिक तकनीकी पहलुओं को देखा गया। साथ ही खुदानों में पैच निर्माण,वृक्षारोपण,श्रमिकों को रहने की व्यवस्था के साथ ही,पीपीएफ,इंश्योरेंस एवं ग्रामीणों को दी जाने वाली सुविधाओं,सीसीटीवी आदि के बारे में पड़ताल की। उसके बाद जिलाधिकारी ने कान्डे कन्याल में ग्रामीणों के आवसीय भवनों में आयी दरारों का भी निरीक्षण किया। तथा हर सम्भव मदद करने का भरोसा दिया।

जिलाधिकारी ने सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि मा.उच्च न्यायालय नैनीताल द्वारा पारित आदेश का अनुपालन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने खड़िया खदानों में पैनी निगरानी रखते हुए अवैध अतिक्रमण व खनन पर नियमानुसार कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने मौके पर जिला खान अधिकारी,वन व राजस्व विभाग को खनन खुदानों के मानकों की बारीकी से जांच पड़ताल करने के निर्देश दिए। साथ ही जिले एवं तहसील स्तर पर गठित निरोधक दल को नियमित सक्रियता व तत्परता से कार्य करने के कड़े निर्देश देते हुए अवैध खनन, अतिक्रमण आदि को लेकर सम्बंधित के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई करने के निर्देश दिए है ।निरीक्षण के दौरान डीएफओ ध्रुव सिंह मर्तोलिया,जिला खान अधिकारी नाजिया हसन,सहायक भूवैज्ञानिक सुनील दत्ततहसीलदार दलीप सिंह,जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी शिखा सुयाल सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## दूरस्थ क्षेत्रों में स्थापित टावर संचालित नही होने पर डीएम खफा



**बागेश्वर।** जिले के दूरस्थ गांवों में स्थापित कतिपय बीएसएनएल 4 जी टॉवर सुचारू रूप से संचालित नही किए जाने कि शिकायत को जिलाधिकारी आशीष भटगांई ने गम्भीरता से लेते हुए क्षेत्रीय अधिकारी बीएसएनएल आशीष निगम को कड़ी फटकार लगाते हुए शीघ्र बीएसएनएल टावरों को सुचारू रखने के निर्देश दिए है। जिलाधिकारी ने कहा कि दूरस्थ के गांवों में दूर संचार व्यवस्था तत्काल बहाल करना सुनिश्चित करें। डीएम ने कहा कि दूरस्थ क्षेत्रों में संचार सुविधा की कमी होंने से दुर्गम क्षेत्रों के लोगों को आधुनिकता की जानकारी नही मिल पाती है, वही देश विदेश में रहने वाले अपने परिजनो से लोग उनका हाल चाल भी नही पूछ पाते हैं, जिस कारण लोग परेशान रहते हैं ।आज के दौर में मोबाइल कनेक्टिविटी नही हो तो वहां किसी प्रकार का संवाद स्थापित नही हो पाता है। डीएम ने क्षेत्रीय संचार अधिकारी को लापरवाही बरतने पर कड़ी कार्रवाई अमल में लाने की भी सख्त चेतावनी दी है। जिलाधिकारी में कहा कि बीएसएनएल के सभी टावरों में नेटवर्क कनेक्टिविटी बहाल करते हुए इस आशय का प्रमाण पत्र एक सप्ताह के भीतर उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

## शहीदी दिवस के उपलक्ष्य में निकाली गई रैली




**पौली(संतकबीरनगर)।** खेल एवं युवा मंत्रालय की इकाई नेहरू युवा केंद्र( माय भारत ) संत कबीर नगर के नेतृत्व में पौली ब्लाक क्षेत्र के अजाव से मडपौना तक शहीदी दिवस के मौके पर रैली निकाली गयी। इस दौरान सहायक रत्नेश सिंह ने स्वतंत्रता आन्दोलन का जिक्र किया। साथ ही शहीदी दिवस के बारे में विस्तार से प्रकाश डाला। इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक- रजनीश कुमार, गोपाल, हरि गोपाल, शिवम, शिवांगी, अंशिका, आंचल, रिया, अंतिमा, सत्यम, देवेश, अंकुर, कविता, राज, सचिन, आकाश, धर्मवीर, ऋषिकेश आदि लोग मौजूद रहे।

## प्रदूषण विभाग ने बीज प्लांट पर लगी सील हटाई

वेलकम इंडिया

**मथुरा।** प्रदूषण यंत्रों के बगैर चल रही है फैक्ट्री की शिकायत को लेकर डीएम ने बंदी के आदेश दिए थे फैक्ट्री को प्रदूषण विभाग द्वारा सील कर दिया गया था। संचालक ने इस कार्रवाई को निराधार बताया और मुख्यालय का दरवाजा खटखटाया था। इसके बाद गुरुवार को प्रदूषण विभाग मथुरा द्वारा हरिओम एग्रो इंडस्ट्रीज पर लगी सील खोल दी गई है, हालांकि इसके अलावा अन्य पांच प्लांट भी उसी क्षेत्र में संचालित है। जिन पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। बताया गया संस्था व्हाइट श्रेणी में आती है आसपास में प्रदेश स्तर पर हजारों की संख्या में ऐसे संस्थान है ।जिन पर कभी कोई आपत्ति दर्ज नहीं हुई ।यहां केवल प्रोपराइटर से कुपित होकर व जमीनी विवाद को लेकर परिवारजनों ने षड्यंत्र रचा है।

बताया उच्च अधिकारियों के आदेश पर सील की खोल दिया गया है।

हरिओम ने बताया महीने भर से बंद पड़े प्लांट में लाखों का नुकसान बताया है प्लांट में रखें कई क्विंटल बीज में घुन लग गया है।

संचालक हरिओम चौधरी ने बताया कि बीज विधान इकाई में खेती के बीज आदि तैयार किए जाते हैं। इसमें किसी प्रकार का वायु प्रदूषण नहीं होता है ।प्रदूषण निवारण अधिनियम 1981 के तहत छूट प्राप्त है। 1981 की धारा 31ए के अंतर्गत आने वाले किसी भी नियम का उल्लंघन नहीं किया गया।

# बोर्ड परीक्षा समाप्त होने तक अपार आईडी निर्माण का कार्य रोका जाए : संजय द्विवेदी

वेलकम इंडिया



**संतकबीरनगर।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रदेश मंत्री संजय द्विवेदी ने बोर्ड परीक्षा समाप्त होने तक अपार आईडी (अढअअफ-ऑटोमेटड परमानेंट एकेडमिक अकाउंट रजिस्ट्री) के निर्माण कार्य को रोकने की मांग की है। अपार आईडी निर्माण की वजह से बोर्ड परीक्षा की तैयारियों, प्रयोगात्मक परीक्षा के संपादन व अधूरे पाठ्यक्रम को पूरा करने में कठिनाई हो रही है। तकनीकी कठिनाइयों के कारण अपार आईडी का काम पूरा न होने के कारण प्रदेश के अनेक जनपदों में शिक्षकों का वेतन रोक दिया है जिससे शिक्षकों में आक्रोश व्याप्त है।

श्री द्विवेदी ने बताया कि महानिदेशक स्कूल शिक्षा के द्वारा 21 जनवरी 2025 को प्रदेश के सभी जिलाधिकारियों को पत्र भेजकर अपार आईडी के निर्माण के लिए विस्तृत निर्देश जारी किए गए। जिसको संज्ञान में लेकर प्रदेश के सभी जिला विद्यालय निरीक्षक अपने-अपने जनपद के राजकीय, सहायता प्राप्त व वित्त विहीन विद्यालयों के प्रबंधक, प्रधानाचार्य को निर्देश जारी कर अपार आईडी को पूर्ण करने का आदेश जारी किया है।

प्रदेश के सभी विद्यालयों में अपार आईडी निर्माण का कार्य चल रहा है। लेकिन अपार आईडी निर्माण करने के दौरान शिक्षकों कई तकनीकी दिक्कत आ रही है। अपार आईडी निर्माण के दौरान विद्यार्थियों के यू डायस, आधार कार्ड व विद्यायल का एस आर रजिस्टर पर उपलब्ध डाटा मैच नहीं कर रहा है, जिसके कारण अपार आईडी जेनरेट नहीं हो पा रहा है। श्री द्विवेदी ने बताया कि 23 फरवरी से यूपी बोर्ड की परीक्षा है। 01 फरवरी से प्रयोगात्मक परीक्षा शुरू हो रही है। इस समय प्रदेश के अधिकांश विद्यालयों में शिक्षक अपने अधूरे पाठ्यक्रम को पूरा करने व प्रयोगात्मक परीक्षा की तैयारी में लगे है। अपार आईडी के निर्माण के दबाव से बोर्ड परीक्षा से संबंधित कार्य प्रभावित हो रहे हैं।

## पालिका अध्यक्ष ने लगाया छवि धूमिल करने का आरोप

**कांधला।** नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष नजमुल इस्लाम ने कस्बे के एक व्यक्ति पर उसकी छवि धूमल करने का आरोप लगाते हुए पुलिस से शिकायत की है,पुलिस आरोपी की तलाश में जुटी हुई है। नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष नजमुल इस्लाम ने पुलिस से शिकायत कर बताया कि कस्बा निवासी एक व्यक्ति सोशल मीडिया के माध्यम सहित अन्य कई तरीकों से पीड़ित की छवि धूमिल करने में लगा हुआ है। पीड़ित की छवि धूमिल होने से नगर एवं क्षेत्र सहित समाज में शर्मिंदगी महसूस हो रही है। पालिका अध्यक्ष नजमुल इस्लाम ने आरोपी के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग करते हुए थाने पर तहरीर दी है। पुलिस ने पालिका अध्यक्ष को जल्दी कार्रवाई का आश्वासन देते हुए आरोपी व्यक्ति की तलाश शुरू कर दी है।

## आगामी बजट में व्यापारी हितों की मांग

वेलकम इंडिया



**मथुरा।** 31 जनवरी 2025 शुक्रवार को उत्तर प्रदेश युवा व्यापार मंडल के प्रदेश महामंत्री एवं आल इंडिया ट्रेडर्स के प्रदेश उपाध्यक्ष युवा व्यापारी नेता सचिन चतुर्वेदी द्वारा मोदी सरकार के अमृतकाल बजट जो की 1 फरवरी को प्रस्तावित हे उसमें वित्त मंत्री माननीय श्रीमती निर्मला सीतारमण जी से व्यापारी हितों के हेतु मुख्य मांगो का मसौदा भेजा गया

जिसमें सचिन चतुर्वेदी ने मांग की व्यापारी समाज देश का कर्णधार हे भामाशाह हे आज जिस प्रकार उत्तर प्रदेश व्यापारियों के लिए व्यापार हेतु सुगम प्रदेश बन चुका हे आज व्यापारी हितों के लिए मोदी सरकार द्वारा कई अच्छे ओर बेहतरीन कार्य किए गए हे जिसका। परिणाम रिकॉर्ड जी एस टी राजस्व हे आज व्यापारियों की व एमएसएमई के लिए बजट में 10 मुख्य माँगेंजीएसटी पंजीकरण सीमा बढ़े रू40 लाख से रू75 लाख तक हो।

सस्ता और आसान लोन रू25 लाख तक बिना गारंटी और 6% ब्याज पर मिले।\ इनकम टैक्स छूट सीमा रू5 लाख से रू7.5 लाख की जाए। कंप्लायंस कम हो झ मासिक की बजाय तिमाही/छमाही जीएसटी रिटर्न का प्रावधान हो ।डिजिटल पेमेंट पर छूट यूपीआई और कार्ड ट्रांजैक्शन पर टैक्स बेनेफिट मिले।

व्यापारी पेंशन योजना रू60 साल बाद रू10,000 मासिक पेंशन दी जाए। आईटीसी सुधार झ छोटे व्यापारियों के लिए इनपुट टैक्स क्रेडिट क्लेम करना आसान हो। व्यापार बीमा योजना रू50 लाख तक दुर्घटना और प्राकृतिक आपदा बीमा मिले।

खुदरा व्यापार को बढ़ावा वेयरहाउसिंग और एक्सपोर्ट सुविधाएं मिलें। रेड और उत्पीड़न पर रोक झ बिना पर्याप्त कारण आयकर/जीएसटी रेड न हो। साथ ही व्यापारियों को प्राथमिकता पर शस्त्र लाइसेंस जारी किए जाए

सरकार इन सुधारों को लागू करे, तो व्यापार और अर्थव्यवस्था दोनों मजबूत होंगे।

# स्टेट यूनियन ऑफ वर्किंग जर्नलिस्ट्स के प्रांतीय अधिवेशन में शर्मा बने अध्यक्ष




वेलकम इंडिया

**नानकमत्ता।** स्टेट यूनियन ऑफ वर्किंग जर्नलिस्ट्स के दो दिवसीय प्रांतीय अधिवेशन में शंकर दत्त शर्मा को प्रदेश अध्यक्ष, लक्ष्मी बिष्ट को महामंत्री व मनोज आर्य को कोषाध्यक्ष चुना गया। इसके साथ ही सितारगंज तहसील इकाई में वीरेंद्र तिवारी अध्यक्ष, पूरन डसीला महामंत्री व विकास गुप्ता कोषाध्यक्ष चुने गये।

गुरुवार व शुक्रवार को नानकमत्ता पर्वतीय सस्कृति उत्थान समितिके सभागार में अधिवेशन में संगठन की मजबूती को लेकर विचार विमर्श किया गया। अधिवेशन में पत्रकार उत्पीड़न होने पर सभी पत्रकार संगठनों को एक मंच पर लाने, राज्य सरकार से श्रमजीवी पत्रकार पेंशन में 15 वर्ष मान्यता की बाध्यता समाप्त करने, मान्यता के स्थान पर अनुभव 15 वर्ष की बाध्यता कराये जाने की मांग की गयी। तय किया गया कि संगठन चरणबद्ध प्रदेश स्तरीय आंदोलन करेगा। इसके अलावा श्रमजीवी पत्रकारों को रेलवे टिकट में छूट, परिवार को स्वास्थ्य वीमा देने की मांग की गयी।

यूनियन के कोषाध्यक्ष मनोज आर्य ने बीते दो वर्ष का लेखा जोखा रखा। कार्यक्रम में सितारगंज इकाई के नवनियुक्त अध्यक्ष वीरेंद्र तिवारी,महामंत्री पूरन डसीला व कोषाध्यक्ष विकास गुप्ता का फूलमाला पहनाकर स्वागत किया गया। आईएफडब्लूजे के राष्ट्रीय संगठन के कोषाध्यक्ष सुनील थपलियाल की देखरेख में कार्यकारिणी के चुनाव में कुछ पदाधिकारियों को बदल कर सर्वसम्मति से यूनियन के अध्यक्ष शंकर दत्त शर्मा, महामंत्री लक्ष्मी बिष्ट मधु व कोषाध्यक्ष मनोज आर्य सहित सभी को अगले दो वर्ष के लिए निर्वाचित घोषित किया गया।

अधिवेशन में सुनील थपलियल,राजेन्द्र तिवारी, शिवसिंह थलवाल, भगवती रतूड़ी, द्वारिका सेमवाल, सुरेन्द्र नौटियाल, नितिन चौहान, पृथ्वी दत्त नैठानी, दीपक नौटियाल, शक्ति सिंह बर्थवाल, जितेंद्र सिंह, महावीर सिंह राणा, मोहित तिवारी आदि ने विचार व्यक्त किये।

# पीएम अवार्ड के लिए नाम चयनित करें विभागीय अधिकारी

वेलकम इंडिया



**बागेश्वर।** जनपद के प्राथमिकता वाले समग्र विकासपरक कार्यक्रमों एवं जनहितकारी योजनाओं व नवाचार की उपलब्धियों को प्रधानमंत्री पुरस्कार के लिए भेजा जाएगा। शुक्रवार को जिलाधिकारी आशीष भटगांई ने बैठक लेते हुए अधिकारियों को जरूरी दिशा निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने कहा कि पीएम अवार्ड के लिए तीन श्रेणियां निर्धारित की गई है। पहली श्रेणी में 11 प्राथमिकता वाले कार्यक्रमों एवं दूसरी श्रेणी में आकांक्षी ब्लॉक और तीसरे पुरस्कार के लिए नवाचार के लिए पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। जिलाधिकारी ने जिले से शिक्षा,स्वास्थ्य,शहरी विकास,महिला सशक्तिकरण, मत्स्य, ग्राम्य विकास, उद्यान के क्षेत्र में किए गए उल्लेखनीय व जनहितकारी कार्यों की उपलब्धियों को पीएम अवार्ड को भेजे जाने के निर्देश दिए। बैठक में सीएमओ डॉ कुमार आदित्य तिवारी,मुख्य शिक्षा अधिकारी जेएस सौन,जिला उद्यान अधिकारी आरके सिंह,परियोजना निदेशक शिल्पी पंत,जिला विकास अधिकारी संगीता आर्या सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# सड़क हादसा में महिला की मौत

वेलकम इंडिया



**बेलहर(संतकबीरनगर)।** ट्रैक्टर-ट्रॉली की चपेट में आने से महिला की मौत,बेलहर थाना क्षेत्र में ट्रैक्टर-ट्रॉली की चपेट में आने से महिला समेत अन्य दो बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गए। आनन-फानन में अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे महिला को मृत घोषित कर दिया। अन्य का इलाज चल रहा है ।घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। हादसे की खबर सुनते ही परिवार में कोहराम मच गया।

बेलहर थाना क्षेत्र के दुर्गजोत से रूधौली (एम.आर.डी.) रोड का है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, बाइक सवार दंपति किसी रिश्तेदारी में जा रहे थे। जब वे निमार्णाधीन बेलहर थाने के पास पहुंचे, तो पति ने बाइक रोककर शौच करने के लिए उतर गए, जबकि महिला सड़क किनारे बाइक के पास में खड़ी थी। तभी पीछे से आ रही तेज रफ्तार ट्रैक्टर-ट्रॉली ने महिला को कुचल दिया।

सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायल महिला को अस्पताल भिजवाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतका की पहचान संगीता शर्मा (निवासी भटौरा, थाना बखिरा) के रूप में हुई है। हादसे के बाद पति सागर शर्मा बदहवास होकर रोने लगे। घटना के बाद पुलिस ने ट्रैक्टर चालक को हिरासत में ले लिया है और मामले की जांच कर रही है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। टैक्टर ट्राली पर सरिया लदा हुआ था चालक खेसरहा थाना क्षेत्र कल्लनाखोर सिद्धार्थ नगर का रहने वाला था क्षेत्र के लोगों का कहना है कि पीडब्ल्यूडी विभाग की लापरवाही से अक्सर एम आर डी सड़क पर घट जाती है घटनाएं कारण सड़क तो बना दिया गया है परन्तु पटरी बनाना भूल गए जिम्मेदार जिसके चलते संगीता जैसी कितनी महिलाएं पुरुष काल के गाल में समा गए हैं यदि पटरी बना होता तो आज बच सकती थी महिला की जान।

पिछले बर्ष भी यही स्थान पर मोटरसाइकिल सवार ने एक पैदल राहगीर को रौंदा था। दिन रात्रि चलने वाला है यह सड़क गोरखपुर से डुमरियागंज को सीधा जोड़ता है सड़क।

## जीपीए प्रतिनिधि मंडल ने थानाध्यक्ष बखिरा से की औपचारिक मुलाकात




वेलकम इंडिया

**संतकबीरनगर।** ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन मेंहदावल इकाई का एक प्रतिनिधि मंडल तहसील अध्यक्ष महबूब पठान के नेतृत्व में प्रभारी निरीक्षक बखिरा लाल बिहारी निषाद से मुलाकात की ।महबूब पठान द्वारा ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के नवनिर्वाचित तहसील इकाई के पदाधिकारीगणों की सूची प्रभारी निरीक्षक बखिरा को सौंपी गई।

महबूब पठान ने कहा कि यह मुलाकात संगठन से संबंधित मुलाकात हैं जिसमें संगठन के पदाधिकारियों की सूची, बखिरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले जीपीए पदाधिकारियों व सदस्यों के साथ माह में एक बैठक बखिरा थाना पर आयोजित किया जाए जिससे कि पत्रकार साथियों की किसी प्रकार की समस्याओं का निराकरण किया जा सके।

# अपर जिला जज ने किया जिला कारागार का औचक निरीक्षण

वेलकम इन्डिया



**प्रतापगढ़।** राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निदेर्शानुसार एवं जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अब्दुल शाहिद के आदेशानुसार अपर जिला जज/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सुमित पंवार ने जिला कारागार का निरीक्षण किया। इस अवसर पर जेल अधीक्षक ऋषभ द्विवेदी ने बताया कि जिला कारागार में कुल 966 बंदी निरुद्ध है जिसमें पुरुष बन्दी 875 एवं महिला बन्दी 38 एवं किशोर बंदी 53 शामिल है। उन्होंने बताया कि जेल में महिला बंदी कृष्णा कुमारी के साथ 4 वर्ष 6 माह का एक लड़का तथा सिद्धदोष महिला बंदी सिंका देवी के साथ लगभग 11 माह की लड़की तथा विचाराधीन महिला बंदी कामिला उर्फ पार्वती के साथ 3 वर्ष का लड़का साथ रह रहे हैं।

सचिव ने जिला कारागार स्थित महिला बैरक ,बाल चक्र, पाकशाला, जेल चिकित्सालय, लाइब्रेरी सहित जेल परिसर का निरीक्षण किया। महिला बैरक में नए स्नानागार का निर्माण कराया गया है महिला बंदियों के लिए एक नया चिकित्सा कक्ष एवं बच्चों के लिए नर्सरी कक्ष का निर्माण कराया गया है जो बनकर तैयार है किन्तु कार्यदायी संस्था द्वारा उक्त कक्ष अभी जेल प्रशासन को हस्तगत नहीं कराया गया है। महिला बन्दी प्रिया और मोहमदुल निशा द्वारा थैलों की सिलाई की जा रही थी। बाल चक्र में बंदी विनीत गौतम ने अपने मुकदमें की पैरवी हेतु सरकारी अधिवक्ता की मांग किया जिसके लिए जेल अधीक्षक को निर्देशित किया गया कि उक्त बंदी को सरकारी अधिवक्ता दिलाने के लिए अविलंब कार्यवाही कराएं।

जेल निरीक्षण के समय सुबह का भोजन बंदियों को दिया जा चुका था पाकशाला में शाम का भोजन बन रहा था दाल चावल रोटी बनाई जा रही थी। जेल चिकित्सालय में कुल 20 बेड की व्यवस्था है आज कुल 16 बीमार बन्दी जेल चिकित्सालय में भर्ती थे जिसमें 3 बंदी टी वी से ग्रसित बताए गए।

इस अवसर पर आंवला प्रसंस्करण के अंतर्गत आंवला के आचार, मुरब्बा आदि बनाने का प्रशिक्षण रीता बनर्जी द्वारा बंदियों को दिया जा रहा था इस अवसर पर जेल अधीक्षक ऋषभ द्विवेदी, जेल चिकित्सक डा0 प्रवीन रंजन, जेलर अजय कुमार सिंह, जेल विजिटर विश्वनाथ त्रिपाठी एडवोकेट, चीफ लीगल एड डिफेन्स काउंसिल महावीर यादव, डिप्टी चीफ लीगल एड डिफेन्स काउंसिल अभय प्रताप सिंह, असिस्टेंट लीगल एड डिफेन्स काउंसिल ज्योति शुक्ला, रजनी गुप्ता, उप जेलर आफताब अहमद अंसारी, लाला राम वर्मा, शारदा देवी, फार्मासिस्ट सुधीर कुमार, केशरी नंदन उपस्थित रहे।

## मदरसा जामिया बदरुल उलूम में आज होगा सालाना जलसे का आयोजन

**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव गढ़ी दौलत में मदरसा जामिया बदरुल उलूम में शनिवार को सालाना जलसे का आयोजन किया जाएगा। मदरसा कमेटी के द्वारा सालाना जलसे की तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। क्षेत्र के गांव गढ़ी दौलत में स्थित मदरसा जामिया बदरुल उलूम में हर साल सालाना जलसे का आयोजन किया जाता है। जलसे में आस पास के जनपदों सहित हरियाणा व राजस्थान से हजारों लोग शिरकत करते हैं। मदरसा कमेटी के द्वारा जानकारी दी गई की जलसे की सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। जलसे में बड़े-बड़े उलेमा ए किराम सहित हजरत मौलाना महमूद मदनी जलसे को किताब फरमाते हैं। मदरसा कमेटी के द्वारा बताया गया कि बाहर से आने वाले सभी मेहमानों का ग्रामीण गर्म जोशी के साथ इस्तकबाल करते है, और गांव का कोई भी व्यक्ति मदरसे में बने खाने को नहीं खाता है। उक्त खाना बाहर से आने वाले मेहमानों को खुशी-खुशी खिलाया जाता है, साथ ही मदरसे में हाफिज ए कुरान बच्चों की दस्तार बंदी भी की जाती है।

# सीएससी कर्मचारी ने साथियों से परेशान होकर किया सुसाइड

वेलकम इंडिया/चरन सिंह



**बरेली।** एक सीएससी कर्मचारी ने अपने साथी कर्मचारियों से परेशान होकर आत्महत्या कर ली। आत्महत्या के बाद पत्नी को सीएससी कर्मचारी की कॉपी से मिले सुसाइड नोट के बाद पत्नी ने थाना प्रेमनगर पुलिस को तहरीर दी। सीएससी कर्मचारी की पत्नी ने मिले सुसाइड नोट के आधार पर पति के दो साथियों का नाम लेकर उन्हें अपने पति की आत्महत्या का जिम्मेदार ठहराया हैं। जानकारी के अनुसार थाना प्रेमनगर क्षेत्र के आर के पुरम की रहने वाली पूजा ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया है कि उनके पति राजीव सीएससी के जरिए बिजली विभाग के लिए बिल जमा कराते थे।

उनकी आईडी का पासवर्ड दो लोगों को पता था। दोनों ने उनके पति के पासवर्ड से बिल जमा कर लिए, लेकिन विभाग में पैसे नहीं जमा कराए, जब विभाग की ओर से पैसे मांगे गए तो आरोपियों ने बिल जमा करने के नाम पर राजीव से भी चार लाख रुपये ले लिए। दोनों आरोपी और रुपयों की मांग कर राजीव को धमका रहे थे। पूजा ने बताया है कि आरोपियों के साथ बिजली विभाग का एक जेई भी मिला हुआ है।

आरोपियों की दबंगई से परेशान होकर उनके पति ने 27 जनवरी की रात आत्महत्या कर ली। इस पूरे मामले की जानकारी पूजा को 29 जनवरी की शाम को हुई, जब वह राजीव की डायरी और दस्तावेज देख रहीं थीं, तब एक कॉपी में उन्हें राजीव का लिखा हुआ सुसाइड नोट मिला। जिसमें राजीव ने दो आरोपियों को जिक्र करते हुए लिखा था कि इनकी वजह से वह आत्महत्या कर रहे हैं।

### राजीव ने अपने सुसाइड नोट में आखिर क्या लिखा

राजीव ने अपने सुसाइड नोट में लिखा था कि दो साथियों ने उनके नाम से लाखों रुपये की ठगी की और धमकी देकर राजीव से भी चार लाख रुपये ऐंठ लिए, राजीव ने लिखा कि दोनों अब मुझे धमकी दे रहे हैं कि अगर तुमने और पैसे नहीं दिए तो तुम्हे जान से मार देंगे और तुम्हारे परिवार को भी नुकसान पहुंचाएंगे। इन धमकियों से परेशान होकर मुझे आत्महत्या का कदम उठाना पड़ रहा है।

## प्राथमिक विद्यालय ऐना के बच्चों ने बाल मेले में दिखाए अपने हुनर



वेलकम इंडिया/चरन सिंह

**बरेली।** परिषदीय विद्यालयों में बाल मेले के आयोजन से छात्र-छात्राओं में व्यावसायिक शिक्षा का संचार किया जा रहा है, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के निर्देश में शुक्रवार को क्यारा ब्लॉक के प्राथमिक विद्यालय ऐना में विद्यालय की प्रधानाध्यापिका राखी सक्सेना द्वारा छात्र-छात्राओं के माध्यम से बाल मेले का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यालयों के विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया और अपनी प्रतिभा दिखाई। मेले में उपस्थित शशिवाला जौहरी ने कहा कि बच्चों में प्रतिभाएं कूट-कूट कर भरी होती हैं। हमें केवल उन्हे बाहर निकालना होता है, इस प्रकार के मेलों से बच्चों की प्रतिभा को आगे लाने के लिए बेहतर मंच मिलता है। इस बाल मेले में छात्र छात्राओं ने खेल खिलौने, चांट, पकौड़ी, चाउमीन, माइक्रौनी, ब्रेड पकौड़े आदि के स्टॉल सजाए। जिनमें विद्यालय के अध्यापकों के साथ अभिभावकों ने भी खरीदारी कर छात्र छ्त्राओं द्वारा निर्मित खाद्य सामग्री का आनन्द लिया व बच्चों का उत्साह वर्धन किया। इस मेले में स्टॉल लगाने वाले बच्चों में सरला, संजना, गौरी, बबीता, ममता, रोहित, विष्णु, रंजीत, लक्ष्मी व विदेश रहे, इस दौरान मेले में जोगीठेर न्याय पंचायत के वरिष्ठ अध्यापक रमेश सागर, मोहन सिंह, मोनिका अग्रवाल, जूही, शाहिंदा, फातिमा हबीब, सीमा रानी, प्रियंका, सुधांशु कुमार, कल्पना शर्मा, विजय सिंह, गौरव गंगवार, पंडित अनिल कुमार शर्मा उपस्थित रहे।

## सूद और सूदी कारोबार से बचें:मो सलमान बिजनौरी



**संतकबीरनगर।** बाघनगर स्थित मदरसा कासिमुल उलूम में एक जलसे का आयोजन किया गया।जिसकी सदारत दारुल उलूम इस्लामिया बस्ती के उस्ताद मुफ्ती मोहम्मद अहमद कासमी नदवी ने किया।संचालन मो फैसल ने किया। कारी मो नसीम की तिलावत से प्रोग्राम शुरू हुआ।असद बस्तवी ने नातिया कलाम पेश किया। मुख्यातिथि मौलाना मो सलमान बिजनौरी ने नवजवानों को संबोधित करते हुए कहा नमाज की पाबंदी जरूर करें। सुदी कारोबार लेनदेन से बचें।नशा हरगिज न करें।शराब से दूर रहें। इस अवसर पर हाफिज अलीमुल्लाह,हाफिज रियाज अहमद, मौलाना एजाज अहमद, मकसूदुल इस्लाम, मतिउर्रहमान कासमी,मुफ्ती सईद अहमद आदि मौजूद रहे।

## पुलिस ने सट्टा कारोबारी को गिरफ्तार कर किया चालान

वेलकम इंडिया



**कांधला।** पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर गांव किवाना के एक मकान में छापामार कार्रवाई करते हुए एक सट्टा कारोबारी को गिरफ्तार किया पुलिस ने सट्टा कारोबारी के कब्जे से नगदी, पेंसिल बरामद करते हुए अभियोग दर्ज कर आरोपी का पुलिस ने चालान कर दिया है। गुरुवार की देर रात्रि पुलिस को मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि क्षेत्र के गांव किवाना के एक मकान में एक युवक सट्टे का कारोबार कर रहा है। मुखबिर के बताए गए स्थान पर पुलिस ने मकान पर छापा मार कार्रवाई करते हुए मौके से एक युवक को पकड़ लिया जिसके कब्जे से पुलिस ने नगदी, सट्टा पर्ची एवं पेंसिल बरामद की। पूछताछ करने पर पकड़े गए अभियुक्त ने अपना नाम कुलदीप निवासी ग्राम किवाना बताया। शुक्रवार को पुलिस ने कार्रवाई करते हुए सट्टा कारोबारी के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई करते हुए चालान कर दिया। थाना प्रभारी निरीक्षक क्षितिज कुमार सिंह का कहना है कि गांव के भोले वाले लोगों को लालच देकर सट्टे का कारोबार करने वाले अभियुक्त को गिरफ्तार किया है और आरोपी के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई कर चालान कर दिया है।

# मुख्य विकास अधिकारी पूर्ण बोरा की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति (शासी निकाय) बैठक आयोजित हुई

वेलकम इंडिया

**बिजनौर।** जिलाधिकारी जसजीत कौर के निदेर्शों के अनुपालन में मुख्य विकास अधिकारी पूर्ण बोरा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति (शासी निकाय) बैठक आयोजित हुई।

मुख्य विकास अधिकारी ने ब्लॉक वाइस डिलीवरी रिपोर्ट की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि मंत्रा पोर्टल के अंतर्गत आधार वेरिफिकेशन को सही से करना सुनिश्चित करें। आभा आईडी के अंतर्गत जनपद की खराब रैंकिंग होने पर उन्होंने संबंधित को निर्देशित किया कि रैंकिंग में सुधार करना सुनिश्चित करें। साथ ही उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि एनआरसी यूनिट के टॉयलेट को भी ठीक करना सुनिश्चित करें। उन्होने निर्देशित करते हुए कहा कि वैक्सीनेशन के कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरते। वैक्सीनेशन के कार्य को प्राथमिकता के आधार पर करना सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देशित कि आयुष्मान आरोग्य मंदिर में बिजली, पानी, शौचालय आदि आवश्यक व्यवस्थाएं सुचारू रूप से अपडेट रखी जाए। उन्होंने यूविन पोर्टल व एचएमआईएस पोर्टल की मैचिंग ठीक करने के भी निर्देश दिए।

उन्होंने निर्देश दिए कि कोई भी स्वास्थ्य केंद्र ऐसा न पाया जाए जहां गर्भवती महिलाएं भोजन से वंचित रहें। उन्होंने एमओआईसी को निर्देश दिये कि साप्ताहिक स्वास्थ्य योजनाओं की समीक्षा के लिए निर्धारित प्रारूप बनाएं और नियमित रूप से योजनाओं की प्रगति की समीक्षा भी करें। उन्होंने सीसीपीएम को निर्देश दिए कि आशाओं का ससमय भुगतान कराना उनकी जिम्मेदारी है, इसलिए अपने दायित्वों का गंभीरतापूर्वक निर्वहन करें। उन्होंने मुख्य चिकित्साधिकारी सहित सम्बंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिये कि स्वास्थ्य कार्यक्रमों के क्रियान्वयन में कदापि लापरवाही न बरती जाए, बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं का रूटीन टीकाकरण, बच्चों में कुपोषण की स्थिति की जांच आदि की विभागीय स्तर पर नियमित समीक्षा की जाए। उन्होंने कहा कि शासन के मंशा के अनरूप स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ निःशुल्क रूप में पूर्ण गुणवत्ता के साथ जनसामान्य को प्राप्त हो और स्वास्थ्य मानकों के आधार पर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जाएं। उन्होंने कहा कि बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ जनसामान्य को उपलब्ध कराना स्वास्थ्य विभाग का मुख्य कार्य हैं।

बैठक के दौरान उन्होंने चिकित्सालयों में सभी जीवन रक्षक दवाओं की उपलब्धता के साथ-साथ एन्टी स्नेक के इंजेक्शन उपलब्धता, आशाओं का भुगतान, आयुष्मान भारत योजना के तहत बनाए जाने वाले आयुष्मान कार्ड, प्रधानमंत्री जननी सुरक्षा योजना में लाभार्थी का भुगतान की समीक्षा सहित विभिन्न राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों के अन्तर्गत जिले में संचालित कार्यक्रमों/योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की। इस अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. कौशलेंद्र सिंह, के अलावा सभी अपर मुख्य चिकित्साधिकारी तथा एमओआईसी मौजूद रहे।

## एसपी ने जिले के समस्त थानों के एंटीरोमियों प्रभारी महिला बीट आरक्षियों के साथ की गोष्ठी दिये निर्देश



वेलकम इंडिया

**हाथरस।** पुलिस अधीक्षक चिरंजीव नाथ सिन्हा द्वारा पुलिस कार्यालय स्थित सभागार कक्ष में मिशन शक्ति, शक्ति दीदी-एंटी रोमियो अभियान के संबंध में जनपद के थानों के एंटीरोमियों प्रभारी, महिला बीट आरक्षियों के साथ गोष्ठी का आयोजन किया गया तथा सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये । गोष्ठी के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार, क्षेत्राधिकारी सादाबाद हिमांशु माथुर, समस्त थानों के एंटी रोमियों प्रभारी, महीला बीट अधिकारी आदि कर्मचारीगण-अधिकारीगण मौजूद रहे।

पुलिस अधीक्षक द्वारा बताया कि सभी महिला बीट पुलिस अधिकारी प्रत्येक फरियादियों की समस्याओं को ध्यानपूर्वक से सुना जाए एवं उनसे सौम्य व्यवहार कर उनकी शिकायत-समस्या का समाधान अविलम्ब किया जाना चाहिए । इसी क्रम मे एसपी द्वारा महिलाओं-बालिकाओं मे सुरक्षा एवं विश्वास का वातावरण बनाये रखने के उद्देश्य से चलाये जा रहे अभियान मिशन शक्ति अभियान के तहत अपने-अपने क्षेत्रान्तर्गत पड़ने वाले प्रमुख कस्बों,बाजारों, स्कूल,कालेजों, कोचिंग संस्थानों व बैंकों के आस-पास निरन्तर भ्रमणशील रहकर चेकिंग करने हेतु, महिलाओं से सम्बन्धित होने वाले अपराधों के बारे में अपने बीट क्षेत्र में जागरूक करने व छात्राओं-महिलाओं को उनके सुरक्षार्थ व सहायता हेतु शासन द्वारा चलायी जा रही विभिन्न हेल्पलाइन नम्बरों जैसे- 1090-वीमेन पॉवर लाइन, 181-महिला हेल्प लाइन, 108-एम्बुलेंस सेवा, 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 112-पुलिस आपातकालीन सेवा, 1098-चाइल्ड लाइ?, 102-स्वास्थ्य सेवा के सम्बन्ध में पम्पलेट वितरित कर जागरूक करने तथा थानो पर स्थापित महिला हेल्प डेस्क के बारे में विस्तार से जानकारी देकर उन्हे जागरूक करने हेतु निर्देशित किया गया।

## कार की टक्कर से बाइक सवार घायल, हालत गंभीर

**कांधला।** थाना क्षेत्र के इस्लामपुर घसौली मार्ग पर बाइक सवार को अज्ञात कार सवार ने टक्कर मार दी। सूचना पर पहुंची 108 एंबुलेंस ने घायल को कस्बे के राजकीय अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सको ने घायल की हालत को गंभीर देखते हुए हायर सेंटर रेफर कर दिया है। समाचार लिखे जाने तक मामले में कोई तहरीर नहीं दी गई थी। जनपद बागपत के छपरौली थाना क्षेत्र के गांव लूंब निवासी सोनू शुक्रवार को अपनी बाइक पर सवार होकर इस्लामपुर घसौली मार्ग के रास्ते कस्बे में किसी कार्य से आ रहा था। जैसे ही युवक क्षेत्र के गांव चढ़ाव के पास पहुंचा तो आरोप है कस्बे की ओर से जा रहे कार सवार ने युवक की बाइक को सामने से टक्कर मार दी। कार की टक्कर लगने से बाइक सवार युवक खाई में जा गिरा और गंभीर रूप से घायल हो गया। कार सवार कार को मौके से लेकर फरार हो गया। राहगीरों ने मामले की सूचना 108 एंबुलेंस को दी। 108 एंबुलेंस ने मौके पर पहुंचकर घायल को कस्बे के राजकीय अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने घायल की हालत को गंभीर देखते हुए हायर सेंटर रेफर कर दिया है। समाचार लिखे जाने तक मामले में कोई तहरीर नहीं दी गई थी।

## थाना सिकंदराराऊ थाने में 15 लाख 13 हजार 600 रुपये में हुई 92 वाहनों की नीलामी



वेलकम इंडिया

**सिकन्द्राराऊ।** अवगत कराना है कि पुलिस महानिदेशक लखनऊ उ0प्र0 द्वारा चलाये जा रहे अभियान ₹आपरेशन क्लीनर₹ के क्रम में पुलिस अधीक्षक हाथरस चिरंजीव नाथ सिन्हा द्वारा जनपद के समस्त थाना प्रभारियों को अपने-अपने थानो पर लावारिस व एमवी एक्ट में दाखिल/सीज वाहनों का यथाशीघ्र नियमानुसार निस्तारण कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया था। जिसके क्रम में थाना सिकन्द्राराऊ पर माल मुकदमात एमवी एक्ट में दाखिल हुये कुल 92 वाहनों का मूल्यांकन सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी हाथरस द्वारा कराया गया था, इसके उपरान्त उप जिलाधिकारी सिकन्द्राराऊ जनपद हाथरस व क्षेत्राधिकारी सिकन्द्राराऊ अध्यक्षता में गठित टीम के क्रम में कुल 92 वाहनों की नीलामी की प्रक्रिया कराई गई । जिसमें जनपद हाथरस व गैरजनपदों के कुल 83 ठेकेदारों द्वारा प्रतिभाग किया गया। नीलामी प्रक्रिया के दौरान ठेकेदार नरेन्द्रचन्द्र गुप्ता पुत्र स्व0 ओमप्रकाश गुप्ता निवासी जेएलएन डिग्री कॉलेज जीटी रोड थाना कोतवाली नगर जनपद हाथरस द्वारा अधिकतम बोली 15,13,600 रुपए लगाये जाने पर नीलामी प्रक्रिया उनके हक में पूर्ण की गई।

## बिजली विभाग की ओटीएस स्कीम

# 19 हजार के बिल पर 22 रुपये की छूट

वेलकम इंडिया/चरन सिंह

**बरेली।** बिजली विभाग द्वारा वन टाइम सेटलमेंट (ओटीएस) योजना के तहत आम बिजली उपभोक्ताओं के लिए कुछ खास राहत नहीं मिल पा रही है, बिजली उपभोक्ताओं द्वारा बताया गया है कि ओटीएस स्कीम के तहत उनके भारी भरकम बिल से ब्याज कटौती के नाम पर केवल मजाक किया जा रहा है एक उपभोक्ता ने बताया है कि उसका 19 हजार रुपये का बिल बकाया था, और वह ओटीएस स्कीम का इंतजार कर रहे थे, जिससे उन्हें ब्याज न देना पड़े, लेकिन जब ओटीएस स्कीम आई तब उन्होंने अपने बिल का भुगतान करने के लिए बिजली विभाग के अधिकारी और कर्मचारियों से संपर्क साधा, जिसमें 19 हजार रुपये के बिल में से मात्र 22 रुपये की छूट दी गई, यह मजाक नहीं है तो और क्या है, 19 हजार रुपए पर ब्याज की 22 रुपये की छूट समझ से परे है।

बिजली विभाग आम उपभोक्ताओं को इस ओटीएस स्कीम के तहत ठगने का काम कर रही है। आपको बता दे की बिजली विभाग द्वारा वन टाइम सेटलमेंट ओटीएस स्कीम का 31 जनवरी तक दूसरा चरण चल रहा है 1 फरवरी से इस स्कीम का तीसरा चरण प्रारंभ होगा। इस स्कीम के तहत जो भी उपभोक्ता भारी भरकम बिल जमा नहीं कर पाते हैं उनके लिए ब्याज में छूट देते हुए बिजली के बिल का भुगतान करने का नियम बनाया गया है लेकिन इस ओटीएस स्कीम में भारी कमी होने के कारण लोग इस स्कीम के तहत बिजली के बिल का भुगतान नहीं कर रहे हैं। आम उपभोक्ताओं का कहना है कि जब पूरी धनराशि ही जमा करनी है तो वह अपनी व्यवस्था के अनुसार कभी भी जमा कर सकते हैं। ओटीएस स्कीम का फायदा ना उठाने के पीछे एक वजह और बताई जा रही है जिसमें पिछले साल ओटीएस स्कीम के तहत जिन बिजली उपभोक्ताओं के बिल जमा किए गए थे, उन उपभोक्ताओं के सामने भी बड़ी समस्या आई थी, ओटीएस स्कीम के बाद आने वाले बिलों में पुनः ब्याज की धनराशि जुड़कर आने लगी थी।

## उधारी के रुपए मांगने पर दबंग ने की मारपीट

**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव इस्लामपुर घसौली निवासी एक व्यक्ति ने गांव के ही एक दबंग पर उधारी के रुपए मांगने पर मारपीट करते हुए गाली गलौज करने का आरोप लगाया है पीड़ित ने थाने पर तहरीर दी है पुलिस जांच में जुटी है। शुक्रवार को थाना क्षेत्र के गांव इस्लामपुर घसौली निवासी बीरशैन ने बताया कि उसने गांव के ही अनिल को तीन महा पूर्व बीस हजार रुपए हाथ उधार दिए थे। आरोपी ने एक सप्ताह बाद रुपए वापस लौटने का वादा किया था। पीड़ित लगातार एक माह से आरोपी से अपने रुपए वापस मांग रहा है। गत दिवस गुरुवार को पीड़ित आरोपी के पास अपने रुपए मांगने के लिए गया था मगर आरोपी घर पर नहीं मिला। देर रात्रि आरोपी शराब पीकर पीड़ित के घर पहुंचा और घर में घुस गया और दबंगई दिखाते हुए पीड़ित के साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट कर दी और रुपए भी देने से मना कर दिया।

## सांड के हमले में जान गंवाने वाले मजदूर का परिवार हुआ बेसहारा

वेलकम इंडिया/चरन सिंह



**बरेली।** कभी घर का चूल्हा जलाने वाला, अपने बच्चों के सपनों को संजोने वाला, एक साधारण सा मजदूर आज इस दुनिया में नहीं रहा। बारादरी क्षेत्र में मूंगफली का ठेला लगाने वाले एक गरीब व्यक्ति की जंगली सांड के हमले में दर्दनाक मौत हो गई। इस घटना ने उसके परिवार को गहरे अंधकार में धकेल दिया है। जिस घर में कभी ठहाके गूंजते थे, आज वहाँ सन्नाटा पसरा हुआ है। मृतक तीरथ पुत्र जमुना प्रसाद के छोटे-छोटे बच्चे अपने पिता को वापस बुलाने की जिद कर रहे हैं, लेकिन कोई उन्हें कैसे समझाए कि अब उनके सिर से पिता का साया हमेशा के लिए उठ चुका है। पत्नी का रो-रोकर बुरा हाल है। उसकी आँखों में अब अपने और अपने भविष्य की चिंता और बेबसी के आंसू हैं। परिवार के लिए यह सिर्फ एक हादसा नहीं, बल्कि जीवनभर का दर्द बन गया है।

इस मामले में आज अखंड भारत गौरव ट्रस्ट के पदाधिकारी के साथ अपनी बेबसी और टूटे हुए सपनों को समेटते हुए पीड़ित परिवार कलेक्ट्रेट पहुंचा, जहाँ उन्होंने प्रशासन से गुहार लगाई कि बच्चों की शिक्षा का प्रबंध किया जाए ताकि वे अनपढ़ और बेसहारा न रह जाएं। साथ ही पत्नी को सरकारी या निजी क्षेत्र में रोजगार दिलाने में मदद की जाए ताकि वह अपने बच्चों का भरण-पोषण कर सके। आर्थिक सहायता दी जाए ताकि परिवार फिर से अपने पैरों पर खड़ा हो सके।

बारादरी क्षेत्र में जंगली सांडों का आतंक कोई नई बात नहीं है, लेकिन प्रशासन की लापरवाही की वजह से एक गरीब की जान चली गई। इलाके के लोगों में भी भारी गुस्सा है। उनका कहना है कि अगर प्रशासन ने पहले ही इन जानवरों को काबू में करने के उपाय किए होते, तो आज एक परिवार बेसहारा न होता।

# मल्लागैर बिलौना के बाशिंदों ने सड़क की मांग को लेकर किया प्रदर्शन

वेलकम इंडिया



**बागेश्वर।** नगर पालिका के बिलौना वार्ड के मल्लासेरा में स्थानीय वाशिंदों की सड़क निर्माण की मांग के बाद भी अब तक स्थानीय वाशिंदों को सड़क सुविधा का लाभ नही मिलने से जिला प्रशासन और पालिका के प्रति नाराजगी है।लोगों ने वर्ष2018 से लगातार सड़क निर्माण की मांग को लेकर स्थानीय विधायक सहित जिलाधिकारी को ज्ञापन देने के बाद भी कोई सुध नही लेने के आरोप, और बार बार स्थानीय लोगों को झूठे आश्वासन देकर गुमराह करने के आरोप लगाते हुए शीघ्र जिलाप्रशासन द्वारा जल्द बिलौना के मल्लासेरा तोक तक सड़क नही बनाए जाने पर आंदोलन की चेतावनी दी है।स्थानीय वाशिंदों ने सड़क निर्माण की मांग को लेकर जिलाधिकारी कार्यालय में प्रदर्शन किया।और शीघ्र सड़क निर्माण की मांग की।जिसके बाद वे जिलाधिकारी आशीष भटगाई से मिले उन्होंने मल्लासेरा तोक तक सड़क निर्माण नही होने पर स्थानीय लोगों, बुजुर्गों, छोटे छोटे बच्चों को स्कूल आते जाते समय, व जंगल से सटा क्षेत्र होने से जंगली जानवरों का भय बने रहने की आशंका जताते हुए शीघ्र मल्लासेरा के बाशिंदों को समड़ मन्दिर के समीप से सड़क का निर्माण कराए जाने की मांग की।लोगों ने कहा कि वर्षो से सड़क की मांग को लेकर स्थानीय विधायक सहित पालिका व जिलाप्रशासन को स्थानीय लोगों की सुविधा हेतु पक्के मोटर मार्ग का निर्माण किए जाने की मांग की गई थी।वही जिलाधिकारी ने जल्द सड़क निर्माण कराए जाने का आश्वासन दिया। ज्ञापन देने वालों में घनानंद पाण्डे,विवेक पांडे,गोविंद जोशी, रमेश पाण्डे,संजय पांडे, आदि मौजूद थे।

## नकली किन्नर ने असली किन्नर को मारपीट कर किया घायल, उपचार जारी, पुलिस जुटी जांच में

**सासनी।** में असली और नकली किन्नरों का आपसी लड़ाई झगड़ा थमने का नाम नहीं ले रहा है। शुक्रवार को भी इन दोनों पक्षों के बीच मारपीट हो गई। बताया जाता है कि असली किन्नर सिमरन पर हमला कर दिया जिसमें सिमरन गंभीर रूप से घायल हो गई। हमला करने का आरोपी नकली किन्नर अशोक और उसका परिवार बताया गया है। इन लोगों ने मारपीट ही नहीं बल्कि पथराव भी किया है। असली किन्नर समुदाय पहले भी थाने में शिकायत दर्ज कर चुका है और नकली किन्नर के खिलाफ कार्यवाही की मांग कर रहा हैं। इनका विवाद पिछले दिनों से चल रहा है।

घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पंहुची और घायल सिमरन को अस्पताल लेकर पहुंची जहाँ उसका उपचार किया गया।

# भागवत कथा में कृष्ण की लीला की कथा का किया वर्णन

वेलकम इंडिया



**झांसी।** मोड़ कला में श्री कारस देव मंदिर में कथा के मैदान में प्रांगण में आयोजित संगीतमय श्री श्रीमद् भागवत कथा बाचिका दीदी पूजा किशोरी ने श्री कृष्ण बाल लीला, कालिया मसन मर्दन तथा गोवर्धन पूजा का सुंदर चित्र किया गया है।कथा बात का दीदी पूजा किशोरी ने भगवान श्री कृष्ण की बाल लीला, माखन चोरी तथा गोवर्धन पूजा की कथा श्रद्धालुओं को सुनाई ।उन्होंने ने कहा कि भगवान की लीला मानव जीवन के लिए प्रेरणा दायक है। भगवान कृष्ण बचपन में अनेक लीला की। बाल कृष्ण सभी का मन मोह लिया करते थे।

नटखट स्वभाव के चलते यशोदा मां के पास उनकी हर रोज शिकायत आती थी ।मां उन्हें रहती है कि कि तुम प्रतिदिन माखन चुरा के खाया करते हो। वहां तुरंत मुंह खोलकर मां को दिखा दिया करतें थे कि मेने माखन नही खाया ।कथा किशोरी जी ने कहा कि भगवान के अपनी सखाओं एवं ग्वालों के साथ गोवर्धन पर्वत पर गए थे वहां पर गोपियों 56 प्रकार का भोजन रखकर नाच गाने के साथ उत्सव मना रही थी ।भगवान कृष्ण के पूछने पर उन्होंने बताया कि आज के ही दिन देवी के स्वामी इंद्र का पूजन होता है ।इसे इंद्रोज यज्ञ करते हैं । इसमें प्रश्न होकर इंद्र बृज में वर्ग करते है । जिसमे प्रचुर अन्न पैदा होता है । भगवान कृष्ण ने कहा की इंद्र में क्या शक्ति है ।उनमें अधिक शक्तिशाली हमारा गोवर्धन पर्वत है। इसके कारण बर्षा ही होती है, अंत हमे इंद्र से बलवान की गोवर्धन की पूजा करनी चाहिए। बहुत विवाद के बाद श्री कृष्ण जी की बात मानी गईं और गोवर्धन की तैयारी शुरू हो गई ।इस दौरान श्रद्धालु भक्ति के सागर में मंत्रमुग्ध दिखे ।कथा टीकाराम राजपूत झांसी एवं शरद राजपूत ने कथा बाचिका दीदी पूजा किशोरी को शॉल देकर सम्मानित किया ।

## संत शिरोमणि श्री गुरु रविदास प्रेम सभा के अध्यक्ष बने प्रेमपाल सिंह रवि



**नूरपुर।** मोहल्ला रविदास नगर स्थित एस.सी. समाज द्वारा निर्मित संत शिरोमणि श्री गुरु रविदास प्रेम सभा की बैठक में सर्वसम्मति से समाजसेवी प्रेमपाल सिंह रवि को सभा का अध्यक्ष चुना गया। इस अवसर पर प्रेमपाल सिंह रवि ने समाज के सभी सम्मानित सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ समाज के उत्थान और सेवा के लिए कार्य करेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि संत गुरु रविदास जी के आदर्शों को आगे बढ़ाने और समाज में एकता व जागरूकता लाने का हरसंभव प्रयास करेंगे। सभा के अन्य सदस्यों ने प्रेमपाल सिंह रवि को उनकी नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएँ दीं और समाज के विकास में सहयोग देने का संकल्प लिया।

## पीडीए चर्चा कार्यक्रम में सपा की नीतियों की जानकारी दी



**नूरपुर।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के निर्देश अनुसार चलाए जा रहे पीडीए पर चर्चा कार्यक्रम के तहत कार्यक्रम आयोजित किया गया। नूरपुर विधानसभा से विधायक राम अवतार सिंह सैनी के नेतृत्व मे पीडीए चर्चा का कार्यक्रम रॉयल पैलेस बैंकेट हॉल स्योहारा नूरपुर रोड (मुबारकपुर गढ़ी) किया गया। उन्होंने बताते हुए कहा कि अखिलेश यादव सर्व समाज को उसका हक दिलाने के लिए प्रयास कर रहे हैं उन्होंने पार्टी कार्यकताओं से पिछड़ों, दलितों और अल्पसंख्यकों के बीच जाकर सपा की नीतियों का प्रचार प्रसार कर अधिक से अधिक लोगों को पार्टी से जोड़ने का आह्वान किया। इस मौके पर प्रदेश उपाध्यक्ष महिला सभा डॉ कुन्तेश सैनी, शिवकुमार यादव, जुल्फिकार कुरैशी, वाजिद मलिक एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय क्र-1 झाँसी छावनी में पुस्तक प्रदर्शनी का आयोजन



वेलकम इंडिया

**झांसी।** पी एम श्री केन्द्रीय विद्यालय क्र-1 झाँसी छावनी में बैग लेस डे गतिविधि के तहत पुस्तक प्रदर्शनी का आयोजन किया गया प्रदर्शनी का उद्घाटन विद्यालय के कार्यवाहक प्राचार्य रमेश चन्द्र एवं वरिष्ठ शिक्षक डी.के .तिवारी द्वारा किया गयो डी.के .तिवारी ने बताया कि पुस्तक प्रदर्शनी से छात्रों में पढ़ने और समझने के कौशल का विकास होता है और नए विषयों को समझने के लिए जरूरी ज्ञान और शब्दावली का निर्माण होता है पुस्तकालयाध्यक्ष डॉ विनय महाजन ने छात्रों एवं अध्यापकों को वताया कि प्रदर्शनी में विभिन्न सरकारी प्रकाशनों, रास्ट्रीय बाल पुस्तकालय न्यास, राजपाल प्रकाशन, किताब घर आदि प्रकाशनों के हिन्दी और अंग्रेजी विषय में श्रेष्ठ पुस्तकों का स्टाल लगाय गये है प्रदर्शनी में छात्रों का साइंस प्रोजेक्ट, पंचतंत्र की कहानियाँ, शब्दकोश, विश्वकोश, हिन्दी निबंध आदि पुस्तकों के प्रति रुझान ज्यादा दिखा सीनियर वर्ग के छात्रों ने चेतन भगत, अगाथा क्रिस्टी के उपन्यासों, काका हाथरशी की कविताएँ ,डॉ कलाम की बायोग्राफी एवं एग्जाम वॉरियर्स पुस्तकें प्रसंद की प्राथमिक अनुभाग की हेड मास्टर श्रीमती लवीषा ने चित्रमय कहानी पुस्तकों के संग्रह की सराहना की इस अवसर पर पुस्तकालय समिति के सदस्य सुधा, आकाश सहित सभी शिक्षक उपस्थित रहे।

# शिक्षा बच्चों को सफल एवं जिम्मेदार नागरिक बनाती है: सांसद मोहिबुल्ला

वेलकम इंडिया



**टाण्डा जिला रामपुर।** सपा सांसद मोहिबुल्ला नदवी ने पूर्व सभासद स्वर्गीय नवाब तैयब के आवास पर पहुंचकर उनके परिजनों को सांत्वना दी। साथ ही मरहूम की मगफिरत के लिए खुसूसी दुआ भी कराई।

गौरतलब है कि नगर के मोहल्ला टण्डोली निवासी पूर्व सभासद नवाब तैयब का 20 जनवरी को बीमारी के चलते निधन हो गया था।बृहस्पतिवार की देर शाम सांसद मोहिबुल्ला नदवी मरहूम नवाब तैयब के मकान पर पहुंचे और परिजनों से मिलकर उनकी मौत पर दुख का इजहार करते हुए मगफिरत के लिए खुसूसी दुआ कराई। यहां के बाद सांसद सपा नेता एवं नगर पालिका के सभासद एम सगीर के आवास पर पहुंचे। जहां उन्होंने पार्टी कार्यकताओं से मुलाकात की।इस दौरान उन्होंने कहा कि हमारा जिला तालीमी लिहाज से बहुत पिछड़ा है। खासतौर पर टाण्डा में उच्च शिक्षा का कोई उचित बंदोबस्त नहीं है। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही वह बुनियाद है जो बच्चों के भविष्य को संवार सकती है।उन्होंने लोगों से कहा कि फिजूलखर्ची पर काबू पाते हुए अपने बच्चों को आला तालीम दिलाएं। अच्छी और उच्च शिक्षा बच्चों को आत्मनिर्भर, समझदार और सफल इंसान बनाने में मदद करती है। ज्ञान ही असली दौलत है, जो न सिर्फ व्यक्ति बल्कि पूरे समाज को तरक्की की राह पर ले जाता है। सभासद एम सगीर ने सांसद को बताया कि नगर के अन्दर दो मॉडल इंटर कॉलेज चालू स्थिति में हैं।लेकिन अध्यापकों की कमी एक गम्भीर समस्या बनी हुई है।जिसके चलते स्थानीय छात्र-छात्राओं को कालेज का कोई लाभ नहीं मिल पा पा रहा है। सभासद ने सांसद से कॉलेज में अध्यापकों की मानक के अनुसार नियुक्ति के लिए कहा।सांसद ने कॉलेज में अध्यापकों की तैनाती के लिए पुरजोर कोशिशें करने का भरोसा दिलाया।उन्होंने कहा तलीम मेरी प्राथमिकता है।सभासद तस्लीम पहलवान ने टांडा से करखैड़ी ग्राम को जोड़ने वाले मार्ग के निर्माण का मामला सांसद के सम्मुख रखा। अशरफ मुनीम ने कहा कि आप के सांसद बनने से पूरे जिले में अमन-चैन कायम हुआ है और भाईचारे को फरोग मिला है।उन्होंने सांसद से समय-समय पर टांडा आने का अनुरोध किया। जिस पर सांसद ने आने का आश्वासन दिया।इस अवसर पर हाफिज उमर, नावेद रहमानी, फारुक, शकील फूफा, हाफिज शकील, कारी फहीम, मास्टर नफीस अहमद, मुस्तफा उस्ताद और मुन्ना कुरैश आदि मौजूद रहे।

सभासद एम सगीर ने विद्यार्थियों को बेहतर एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए सांसद से टाण्डा के मॉडल इंटर कॉलेज में मानक के अनुसार अध्यापकों की नियुक्ति कराने की मांग की।

## जदयू सांसद ने लोकतंत्र के चौथे स्तम्भ पर हमला कर घृणित कुकृत्य किया : राकेश कुशवाहा

वेलकम इंडिया



**झांसी।** भारतीय मीडिया महासंघ की बैठक जिलाध्यक्ष राकेश कुशवाहा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई जिसमे जिलाध्यक्ष राकेश कुशवाहा ने कहा कि भारतीय लोकतंत्र के चौथे स्तंभ पर अनवरत हमले हो रहे है, पत्रकारों को समाचार संकलन एवं अपने अधिकार के लिए रोका जा रहा है. उन्होंने कहा भागलपुर में बुधवार को जिस तरह से समाचार संकलन के समय जदयू सांसद अजय मंडल एवं उनके कार्यकताओं के द्वारा पत्रकार कुणाल शेखर और सुमित कुमार को मारा पीटा गया और गंदी गंदी गालियां दी गई।

इस घटना का भारतीय मीडिया महासंघ घोर निंदा करती है और प्रशासन से उन लोगों पर कड़ी कार्रवाई एवं गिरफ़्तारी का मांग करता है. जिला अध्यक्ष राकेश कुशवाहा ने कहा की इस घटना की निंदा करते हुए सांसद अजय मंडल एवं उनके कार्यकर्त्ता के खिलाफ कार्रवाई की मांग करेंगे।

उन्होंने कहा की जदयू सांसद एवं जदयू कार्यकताओं के ऊपर पार्टी प्रमुख तुरंत कार्यवाही कर उन्हें पार्टी से बर्खास्त करें। सांसद अजय मंडल के द्वारा लोकतंत्र के चौथे स्तंभ पर हमला करके घृणित कुकृत्य किया है।

लोकतंत्र के चौथे स्तंभ के अपमान पर सरकार को त्वरित संज्ञान में लेकर भागलपुर के सांसद अजय मंडल एवं घटना में शामिल उनके साथियों को गिरफ्तार कर कड़ी से कड़ी कार्यवाही की जानी चाहिए।

## कबीर मगहर महोत्सव में न्यायालय के तरफ से आयोजित हुआ विधिक जागरूकता शिविर

**संतकबीरनगर।** जनपद न्यायाधीश महेंद्र प्रसाद चौधरी के निर्देशन में शुक्रवार को कबीर मगहर महोत्सव में विधिक जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करते हुए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव व अपर जिला जज महेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि कानून के दायरे में रहकर किया गया को कार्य अपराध नही है। उन्होंने कहा कि व्यक्ति कुछ निश्चित दशाओं में न केवल अपने शरीर व संपत्ति की बल्कि अन्य व्यक्ति की शरीर व सुरक्षा के लिए आवश्यक कदम उठा सकता है। उन्होंने घरेलू हिंसा, दहेज प्रथा उन्मूलन व विधि के कई सामान्य सिद्धांतों को विस्तार से बताया। लीगल एड डिफेंस काउंसिल सिस्टम के चीफ अन्जय कुमार श्रीवास्तव ने बीते एक जुलाई से संचालित नए कानून के बारे में बताते हुए छोटी-छोटी समस्याओं के निराकरण के बारे में भी बताया।

## दिल्ली विधानसभा में युवा निर्दलीय उम्मीदवार सौरभ गुप्ता की चर्चा पूरे देश में



वेलकम इंडिया

**नई दिल्ली।** दिल्ली में विधानसभा चुनाव चुनावी प्रचार बस मैच कुछ ही दिनों और का समय रह गया है वैसे में हर बड़ी पार्टियों लगातार चुनावी रैलियां करके और वोटरों को लुभाने की कोशिश में लगे है।

वही बृहस्पतिवार को एक दिलचस्प नजारा देखने को मिला जब केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह शालीमार बाग विधानसभा में शालीमार गांव से हैदरपुर की रैली में जब अमित शाह की रैली रथ निर्दलीय उम्मीदवार सौरभ गुप्ता के चुनावी कार्यालय से गुजरा तो अमित शाह ने सौरभ गुप्ता को फूल का माला पहनाया और हाथ जोड़कर नमन किया।

निर्दलीय उम्मीदवार यूथ किंग लगातार सुर्खियों में है इस समय शालीमार बाग विधानसभा सीट काफी होता और दिलचस्प सेट बन चुका है यहां पिछले 10 साल से आम आदमी पार्टी की विधायक का बंदना कुमारी विधायक हैं इस बार वर्तमान विधायक और आप पार्टी को इस सीट पर जीत निश्चित करना इतना आसान नहीं है कड़ा मुकाबला है और यूथ किंग सौरव गुप्ता इस समय हीरो बन चुके हैं।

## पुलिस अधीक्षक ने सेवानिवृत्त पर 5 पुलिसकर्मियों को दी सम्मान के साथ भावभीनी विदाई



**हाथरस।** पुलिस अधीक्षक चिरंजीव नाथ सिन्हा द्वारा पुलिस कार्यालय स्थित सभागार कक्ष में एक सादा समारोह में 5 पुलिसकर्मियों को सेवानिवृत्त होने पर भावभीनी विदाई दी गई ।इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार, प्रतिसार निरीक्षक राजकुमार सिंह एवं अन्य अधिकारी-कर्मचारी तथा सेवानिवृत्त होने वाले पुलिसकर्मियों के परिजन भी मौजूद रहे । अधिवर्षता आयु पूर्ण करने वाले पुलिसकर्मी निरीक्षक विजयपाल सिंह, उपनिरीक्षक विनोद कुमार, उपनिरीक्षक राकेश कुमार, दिनेश चंद्र, चालक ज्वाला प्रसाद द्वारा पुलिस विभाग में कुशलतापूर्वक अपने दायित्वो का निर्वहन करते हुये अपनी सेवा देने के बाद सेवानिवृत्त हुए ।इस अवसर पर सेवानिवृत्त हो रहे पुलिसकर्मियों द्वारा पुलिस विभाग में दी गई सेवाओं के अनुभवो को विस्तार से साझा किया गया तथा पुलिस अधीक्षक हाथरस द्वारा सेवानिवृत्त हो रहे कर्मचारियो से उनके पुलिस विभाग में दी गई सेवाओं के अनुभवों को साझा करते हुए उनके आगामी जीवन की सुख शांति से व्यतीत किए जाने की कामना करते हुए, सकुशल सेवानिवृत होने पर बहुत-बहुत बधाई दी और कहा कि आपने जीवन का अमूल्य समय पुलिस विभाग को दिया जिसके लिए पुलिस विभाग हमेशा आपका ऋणी रहेगा ।

## दो राजस्व निरीक्षकों को मिली प्रभारी नायब तहसीलदार की जिम्मेदारी

**बागेश्वर।** जिले में राजस्व विभाग के दो निरीक्षकों को प्रभारी नायब तहसीलदार पद पर पदोन्नति मिली है।जिले में तैनात दयाकृष्ण मिश्रा को बागेश्वर से नैनीताल जबकि देवेंद्र लोहनी को बागेश्वर जिले में ही तैनाती मिली है।जिलाधिकारी आशीष भटगाई ने दोनों निरीक्षकों को नवीन स्थल पर नियुक्ति के आदेश जारी कर दिए हैं।

## सेवानिवृत होने पर माल्यार्पण, बुके एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया



वेलकम इंडिया

**झांसी।** आर पी एफ मित्र योजना समिति, गौ सेवा समिति, एवं भागवत सत्संग मण्डल द्वारा राम कुमार ज्ञानी (वृक्ष पुरुष) के लोको पायलट पद से सेवानिवृत्त होने पर रेलवे स्टेशन प्लेटफार्म नं. 6 पर आयोजित सम्मान समारोह में माल्यार्पण, बुके एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

देश में इतिहास बनाने वाले 1997 से वृक्ष लगाने एवं उन्हें संरक्षित रखने में सक्रिय भूमिका निर्वहन करने वाले ₹झांसी रत्न₹, वरिष्ठ लोको पायलट रामकुमार नामदेव ज्ञानी जी को रेलवे बोर्ड चैयरमेन श्रीमती जया वर्मा सिन्हा जी द्वारा घोषित 5000/- रुपये का पुरस्कार आज उनके सेवानिवृत्त के अवसर पर सीनियर डी.ई.अधिकारी शुभम श्रीवास्तव जी के द्वारा भेंट किया गया। उक्त अवसर पर पं. सिया रामशरण चतुर्वेदी, आनन्द कुमार सक्सेना, इंद्रपाल सिंह खनूजा, अरुण सिंह, चन्द्र मोहन तिवारी, दीपचंद, शोभाराम राय, विश्वनाथ मिश्रा, संदीप साहू आदि उपस्थित रहे।

# लेखक अपने अंदर के भाव लेखनी के जरिए व्यक्त करे: डॉ .रमेश पोखरियाल

वेलकम इंडिया



**नई दिल्ली।** डॉ.बी एल गौड़ फाउंडेशन एवं पं तिलकराज शर्मा स्मृति न्यास के संयुक्त तत्वावधान में डॉ बी एल गौड़ की कृति ₹अक्सर लौटना नहीं होता₹ तथा डॉ इंद्रजीत शर्मा की कृति ₹ऐसे ऐसे लोग₹ का लोकार्पण एवं गीत संध्या का भव्य आयोजन किया गया।

ग्रेटर नोएडा वेस्ट स्थित गौड़ सिटी के गौड़ सरोवर प्रीमियर के सभागार में वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. ममता कालिया की अध्यक्षता में आयोजित भव्य समारोह में मुख्य अतिथि पूर्व केंद्रीय शिक्षा मंत्री, सांसद एवं वरिष्ठ साहित्यकार डॉ रमेश पोखरियाल 'निशंक' थे एवं विशिष्ट अतिथियों के रूप में पूर्व वायुसेनाअधिकारी प्रो॰ उमापति दीक्षित, वरिष्ठ साहित्यकार शैलेश शैल तथा शिक्षाविद्, उपन्यासकार एवं डॉ कुमार विश्वास के अग्रज भ्राता प्रो॰ विकास शर्मा मंचस्थ रहे। स्वागताध्यक्ष की भूमिका वरिष्ठ साहित्यकार कमलेश भटट 'कमल' ने अदा की। मनमोहक संचालन शिक्षाविद् एवं कवि डॉ विवेक गौतम ने किया।कार्यक्रम का शुभारंभ मंचासीन अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन से हुआ। तत्पश्चात अतिथियों का पुष्पहार, अंगवस्त्र, स्मृति-चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। समारोह में नामचीन साहित्यिक विभूतिया डॉ जय वर्मा, श्रीमती दिव्या माथुर, कमलेश भटट 'कमल', डॉ. विवेक गौतम, प्रेम भारद्वाज 'ज्ञानभिक्षु', विज्ञान व्रत, नवीन चन्द्र लोहानी, एवं वर्ल्ड रिकॉर्ड होल्डर, अंतरराष्ट्रीय लेखक, पत्रकार डॉ शम्भू पंवार का पुष्प हार, अंगवस्त्र एवं स्मृति-चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया।

समारोह में अतिथियों ने वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. बी एल गौड की कृति₹अक्सर लौटना नहीं होता₹ और प्रसिद्ध समाजसेवी, उद्यमी, साहित्यकार, डॉ. इंद्रजीत शर्मा की कृति ₹ऐसे ऐसे लोग₹ का लोकार्पण किया। समारोह के मुख्य अतिथि डॉ. रमेश पोखरियाल'निशंक' ने अपने उद्बोधन में कहा कि डॉ.बी एल गौड़ के पास मां सरस्वती और लक्ष्मी का सम्मिश्रण हैं।

# नाविकों के 5 दिन धरना प्रदर्शन करने पर भी नहीं हुआ समाधान

वेलकम इंडिया



**मथुरा/वृन्दावन।** क्रूज लाइंस के खिलाफ केसी घाट पर 5 दिनों से नाविकों का धरना प्रदर्शन चल रहा है लेकिन अभी तक कोई समाधान नहीं मिल पा रहा है, इसमें क्रूज संचालक द्वारा क्षेत्र में किए गए निर्माण को हटाया जाए, प्रशासन द्वारा जारी अनुमति के अनुसार देवरहा बाबा घाट से मथुरा के बीच क्रूज चलाया जाए, वृंदावन के घाटों के बीच क्रूज का संचालन बंद किया जाए, क्रूज संचालक द्वारा चलाई जा रही स्पीड बोटों को बंद कराया जाए, पुलिस प्रशासन द्वारा किए जा रहे शोषण व अत्याचार को बंद किया जाए, नगर निगम द्वारा नाविकों को लाइसेंस एवं उनके व्यवसाय को ध्यान में रखते हुए नाविकों के बैठने के लिए स्थाई व्यवस्था की जाए

नाविक बलवीर ने मथुरा प्रशाशन पर आरोप लगाते हुए कहा कि यहां का प्रसासन निषाद समाज की रोजी रोटी छीनने का काम कर रहा है। वहीं नाविकों के पक्ष में दिल्ली से चलकर आए एडवोकेट तरुण अरोरा का कहना है कि यदि सोमवार तक वृदावन के घाटों के बीच क्रूज एवं स्पीड बोट का संचालन बंद नहीं हो हुआ तो मंगलवार को कोर्ट में नाविकों का पक्ष रखेंगे। वहीं गुस्साए नाविकों ने कहा कि धरना प्रदर्शन को लगातार 5 हो गए। लेकिन अभी कोई भी अधिकारी सुनने को तैयार नहीं और ना ही कोई अधिकारी धरना स्थल पर पहुंचे। नाविकों का पक्ष रखने के लिए सर्व जाति के लोग धरने शामिल हो रहे हैं। धरने में बलवीर, राममूर्ति, पप्पू, रामगोविन्द, देवेंद्र निषाद, मुकेश, दिनेश, अमित, लाखन, भोला, कालीचरण, रतन चक्रवर्ती, परशुराम, नेमसिंह, शिशुपाल, हरिश्चंद्र, जगदीश, तरुण एडवोकेट, राष्ट्र संत गोपाल दास महाराज, आदि निषाद समाज मौजूद रहे।

## मासिक समीक्षा बैठक में एसपी ने पुलिस अधिकारियों को दिए सख्त निर्देश

वेलकम इंडिया



**बागेश्वर, गोविन्द** मेहता, पुलिस अधीक्षक चंद्रशेखर घोडके ने पुलिस लाइन सभागार में पुलिस अधिकारियों थानाध्यक्षों की मासिक समीक्षा बैठक ली।बैठक में पुलिस कर्मियों को जिले में बेहतर कानून व्यवस्था बनाने, आम जनता के साथ बेहतर संवाद स्थापित करते हुए जिले में शांति व्यवस्था बनाए रखने, अवैध रूप से नशे का काला कारोबार करने वालों को चिन्हित कर उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई करने, ड्यूटी के दौरान नशे का सेवन नही करने, और ड्यूटी के दौरान लापरवाही करने और किसी भी प्रकार से किसी भी पुलिस अधिकारी कर्मी द्वारा अवैध रूप से अवैध कारोबार करने वालों के साथ संलिप्तता पाए जाने पर कठोर कार्रवाई करने, किसी भी कर्मी के खिलाफ शिकायत मिलने पर उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की बात कही।एसपी ने उत्तरायणी मेले को कुशलता से सम्पन्न कराने पर सभी पुलिस अधिकारियों कर्मियों को शाबाशी दी।सोशल मीडिया पर भ्रामक पोस्ट डालने वालों को चिह्नित कर थाना स्तर पर उनकी काउंसलिंग कर समझाने और दोबारा ऐसा करने पर उनके खिलाफ कार्रवाई करने के निर्देश दिए इसमें किसी तरह की कोताही न बरतें। साइबर अपराध रोकने लिए जिले में व्यापक स्तर पर जन जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश अधिकारियों को दिए।उन्होंने महिला हेल्प लाइन प्रभारी एएचटीयू और डीसीआरबी प्रभारी द्वारा आमजन के साथ बेहतर सामंजस्य स्थापित कर सभी प्रमुख स्थानों, विद्यालयों में विशेष जागरूकता अभियान चलाने पर एएचटीयू और महिला हेल्प लाइन प्रभारी उपनिरीक्षक मीना रावत और डीसीआरबी प्रभारी निरीक्षक टी आर बगरेठा के कार्यों की सराहना की। उन्होंने पुलिस लाइन कार्यालय सभागार में मासिक अपराध समीक्षा बैठक में कहा कि साइबर ठग लोगों को आसानी से अपनी जाल में फंसा रहे हैं। उन्हें अभियान चलाकर जागरूक करें। किसी तरह के लालच में नहीं आने की अपील लोगों से करने, आइटी एक्ट में जो भी अभियोग पंजीकृत किए हैं उनका तुरंत निस्तारण करने, सभी थाना क्षेत्र के ग्राम प्रहरियों, सीएलजी मेंबरों, वरिष्ठ नागरिकों, व्यपारियों के साथ थाना स्तर पर गोष्ठी का आयोजन कर आवश्यक बिंदुओं पर वार्ता करने के निर्देश सभी थानाध्यक्ष को दिए। मुख्यालय स्तर से जारी अभियानों का अपने अपने थाना क्षेत्र में ज्यादा से ज्यादा प्रचार प्रसार करते हुए साइबर अपराधों से बचाव हेतु जन जागरूकता अभियान चलाए। साइबर पीड़ितों की शिकायत पर तुरंत कार्रवाई करें।

## एसपी ने कोर्ट के आदेश पर 1.35 करोड रुपए की इस स्मैक गांजा चरस कराई नष्ट



वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह

**हापुड़/** जनपद हापुड़ एसपी कुंवर ज्ञानेंद्र सिंह के द्वारा जनपद के विभिन्न थानों में नशीले मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले तस्करों से जब्त की गई।1.35 करोड रुपए की स्मैक गांजा चरस को न्यायालय के आदेश पर नष्ट कराया गया है।आपको बता दें कि हापुड़ पुलिस के द्वारा नशीले मादक पदार्थों की तस्करी करने वालों पर शिकंजा कसने के दौरान जनपद के विभिन्न थानों से 111.605 किलो गांजा, 9.6 किलो डोडा पोस्त, 750 ग्राम चरस ,160 ग्राम स्मैक जप्त की गई थी। जिसको हापुड़ पुलिस के द्वारा कोर्ट के आदेश पर नष्ट करने की कार्यवाही की गई है। वहीं एसपी कुंवर ज्ञानेंजय सिंह ने बताया कि उपरोक्त माल की कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में 1.35 करोड रुपए है।जिसको माननीय न्यायालय के आदेश पर नष्ट कराया गया है।

## सहायक अध्यापिका और इंचार्ज अध्यापक के बीच पैदा गतिरोध में आया नया मोड़

वेलकम इंडिया/चरन सिंह



**बरेली।** पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ के मंडल अध्यक्ष विनोद कुमार शर्मा ने क्यारा ब्लॉक की सहायक अध्यापिका सीमा शर्मा द्वारा इंचार्ज अध्यापक प्रमोद कुमार पर लगाए गए आरोपों के सापेक्ष बनायी गयी जाँच कमेटी और उसके द्वारा की जा रही विभागीय जाँच को लेकर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी से मिलकर एक मौत पत्र के माध्यम से कहा है कि 23 जनवरी को घटित हुई पूर्व माध्यमिक विद्यालय क्यारा की घटना को लेकर चल रही विभागीय जाँच में खण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय मझगवां में कार्यरत लिपिक अजय सक्सेना की भूमिका संदिग्ध प्रतीत होती है क्योंकि अजय सक्सेना की सहायक अध्यापक सीमा शर्मा के दूसरी पत्नी हैं और इन्होने विभागीय कर्मी होने के नाते विभागीय जाँच को प्रभावित करने के उद्देश्य से बीएसए कार्यालय में सांठ-गाँठ करके अपने व अपनी पत्नी सीमा शर्मा के पक्ष में दो खण्ड शिक्षा अधिकारियों को पहले तो नामित करा लिया। बाद में इन दोनों खण्ड शिक्षा अधिकारियों से जो कि पहले से पत्नी सीमा शर्मा के अनुकूल जाँच को केंद्रित रखा। इस घटना ने पूरी तरह एक मेहनती, कर्मठ और निष्ठवान इंचार्ज अध्यापक प्रमोद कुमार की छवि को धूमिल करने और उनको वहां से हटाने के लिए साजिश रची गई है, पूर्व माध्यमिक विद्यालय क्यारा में इस घटना की जाँच कमेटी द्वारा की गयी जाँच रिपोर्ट में पूरी तरह पक्षपात युक्त प्रतीत हो रही है, जिस कारण पूर्व माध्यमिक विद्यालय क्यारा के इंचार्ज अध्यापक प्रमोद कुमार के प्रति संगठन को न्याय की कोई उम्मीद नहीं है। मंडल अध्यक्ष विनोद कुमार शर्मा ने बीएसए बरेली से आग्रह किया है कि विद्यालय में हुई किसी भी घटना की निष्पक्ष जांच विद्यालय प्रबंध समिति तथा विद्यालय में पढ़ रहे छात्र-छात्राओं के अभिभावकों से कराई जाए, जिससे दूध का दूध और पानी का पानी हो सके। वहीं सहायक अध्यापिका सीमा शर्मा द्वारा जो जिला चिकित्सालय द्वारा जांच रिपोर्ट पेश की गई है उसको भी जांच रिपोर्ट में शामिल किया जाए, संगठन आपसे शिक्षक हित में एक निष्पक्ष न्यायसंगत विभागीय कार्यवाही की अपेक्षा करता है। बीएसए बरेली द्वारा मंडल अध्यक्ष विनोद कुमार शर्मा को भरोसा दिया गया है कि किसी भी शिक्षक के साथ अन्याय नहीं किया जाएगा जांच निष्पक्ष होगी।

## सार संक्षेप

### मेरठ कैंट की सफाई व्यवस्था प्राईवेट हाथों में जाने से मौजूदा संविदा कर्मचारियों में मचा हड़कंप




वेलकम इंडिया

**मेरठ ।** कैंट में साफ-सफाई को लेकर कैंट बोर्ड ने बड़े कदम उठाए गए हैं इस कार्य के लिए एक प्राइवेट कंपनी को हायर किया गया है कम्पनी द्वारा लगभग सात करोड़ में यह ठेका लिया है जिसका कार्य क्षेत्र तोपखाना व लालकुर्ती को छोड़ कर सदर आबूलेन रजबन कैंट स्टेशन सिटी स्टेशन औघड़नाथ मंदिर व अन्य इलाके जो कैंट के वार्ड चार पांच छः सात व आठ वार्ड सहित पांचों वार्डों में आते हैं। इस कार्य के लिए गत बोर्ड बैठक में प्रस्ताव पास किया जा चुका है जिसमें एजेंसी को पहले तीन महीने का समय कार्य कुशलता को लेकर निर्धारित किया गया है कि इस समय सीमा में कम्पनी कैंट बोर्ड नियमानुसार कार्रवाई पर खरा नहीं उतरती है तो ठेका निरस्त किया जाना तय है।

वहीं प्राईवेट हाथों में ठेका जाने की खबरों के बाद से ही संविदा सफाई कमीर्यों में अपनी नौकरी को लेकर चिंता व हड़कंप मचा है। पुर्व में भर्ती को लेकर पचास से साठ हजार रिश्वत का मामला पुर्व की बैठको में मनोनीत सदस्य डॉक्टर सतीश शर्मा उठा चुके है। वर्तमान में कैंट बोर्ड में लगभग 245 संविदा सफाई कर्मी ड्यूटी पर तैनात है प्राप्त जानकारी के अनुसार प्राईवेट ठेकेदार अब अपने स्तर से संविदा कर्मियों की भर्ती व अपने स्तर से आठ घंटे की ड्यूटी पर नियम व शर्तें निर्धारित की गई है आरोप है कि इस भर्ती में दलाल सक्रिय हो गए हैं मौजूदा सफाई कर्मी में हड़कंप मचा हुआ है वहीं कर्मचारियों में इस आक्रोश को लेकर सफाई कर्मचारी यूनियन के पदाधिकारियों ने गत दिनों कैंट बोर्ड सीईओ के साथ बैठकर संविदा कर्मियों के हितों का हवाला देते हुए मांग की कि कैंट बोर्ड में क्यरत सभी संविदा कर्मियों को प्राईवेट ठेकेदार/कम्पनी प्राथमिकता देगी जो कैंट बोर्ड में वर्तमान में डीयूटी कर रहे हैं। तथा जो वेतन दिया जा रहा है उसमें किसी भी प्रकार की कटौती न की जाए। यूनियन पदाधिकारियों ने बताया सीईओ जाकिर हुसैन ने उन्हें आश्वस्त किया है कि कर्मचारियों के हितों व कैंट की स्वच्छता पर विशेष फोकस रहेगा।

## पुलिस ने घेराबंदी कर जीत हार की बाजी लगाकर जुआ खेलते 11 लोगों को किया गिरफ्तार

सहपऊ। पुलिस अधीक्षक चिरंजीव नाथ सिन्हा के आदेशानुसार जुआ-सट्टे की रोकथाम हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक हाथरस के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी सादाबाद के निकट पर्यवेक्षण में थाना सहपऊ पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर कार्यवाही करते हुए 11 अभियुक्तों को हार जीत की बाजी लगाकर जुआ खेलते समय गिरफ्तार किया गया है। जिनके कब्जे से 6,570 रुपए नगद व 52 पत्ता ताश बरामद हुए है। पुलिस ने हजारी, हबीब खा, कप्तान सिह, सत्यप्रकाश, दफेदार, कुलदीप, राजकुमार, जयवीर सिह, मोहित कुमार, चन्द्र पाल और बलबीर पुत्र राम सिह समस्त निवासीगण धाधऊ थाना सहपऊ जनपद हाथरस के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है

## दिल्ली मुरादाबाद रेलवे ट्रैक पर पिलर संख्या 88/28 एव 88/26 के बीच ट्रेन की चपेट में आकर युवक की हुई दर्दनाक मौत

वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह



**हापुड़।** जनपद हापुड़ बाबूगढ़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत शकरपुर रेलवे फाटक से करीब 200 मीटर सिंभावली की ओर दिल्ली मुरादाबाद रेलवे ट्रैक पर पिलर स॰88/28 और 88/26 के बीच एक अज्ञात व्यक्ति की ट्रेन की चपेट मे आने से दर्दनाक हो गई। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज कर शिनाख्त का प्रयास शुरू किया जिसमें मृतक की पहचान 35 वर्षीय चैन सिंह पुत्र जीत सिंह जाटव निवासी वार्ड नंबर 8 नगर पंचायत बाबूगढ़ छावनी थाना बाबूगढ़ हापुड़ के रूप मे हुई है। पीड़ित परिजनों से सम्पर्क कर आवश्यक विधिक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।


## कुंभ यात्रियों की सेवा करके भाजपा नेताओं ने किया भोजन वितरण

वेलकम इंडिया



**मिजार्मुराद।** कुंभ यात्रियों के सेवा के लिए शुक्रवार को खजुरी स्थित नायरा पेट्रोल पंप के पास भाजपा नेताओं ने वृहद भंडारा के दौरान भाजपा नेताओं ने कुंभ यात्रियों के लिए बनाए जा रहे भोजन का निरीक्षण किया तथा भोजन बना रहे हलवाइयों को सही गुणवत्ता को परखा भोजन ग्रहण करने के उपरांत यात्रियों के चेहरे पर मुस्कान छा गई।कुंभ यात्रियों के परेशानी तथा सुविधाओं के बारे में जानकारी लिया। इस दौरान उन्होंने कहा कि कुंभ यात्रियों की सेवा करना भगवान की पूजा करने से बढ़कर है।इस दौरान मुख्य रूप से जिलाध्यक्ष/एमएलसी हंसराज विश्वकर्मा, एमएलसी धर्मेन्द्र राय, जिला महामंत्री प्रवीण सिंह गौतम, वरिष्ठ भाजपा नेता संजीव सिंह गौतम, जिलाउपाध्यक्ष अरविंदर प्रधान, वरिष्ठ भाजपा नेता राम शकल पटेल, संदीप सिंह 'मिंटू', भाजपा नेता उपेन्द्र प्रताप सिंह, प्रेम शंकर पाठक, संजय मिश्रा, मंडल अध्यक्ष सुजीत पाल, अजय सिंह, धीरज सिंह, निहाल सेठ समेत बहुत से पदाधिकारी व कार्यकर्ता गण उपस्थित रहे।

### जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग अध्यक्ष गाजियाबाद हापुड़ में माह के पहले एवं तीसरे शनिवार को लंबित वाद विवादों की करेंगे सुनवाई




**हापुड़/**जिला उपभोक्ता विवादित प्रतितोष आयोग द्वारा जिला गाजियाबाद अध्यक्ष को हापुड़ का कार्यभार सोपा गया है। जिसमें गाजियाबाद अध्यक्ष ने 28 जनवरी को जिला हापुड़ का कार्यभार ग्रहण कर लिया है। जिनके द्वारा प्रत्येक माह के प्रथम एवं तृतीय शनिवार को जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग हापुड़ के लंबित वाद विवादों की सुनवाई करना सुनिश्चित किया गया है।

# अन्त्येष्टि स्थल का विधायक ने किया शिलान्यास व भूमि पूजन

वेलकम इंडिया



**बेलहर(संतकबीरनगर)।** स्थानीय विधायक अनिल कुमार त्रिपाठी शुक्रवार के दिन नए अन्त्येष्टि स्थल के निर्माण हेतु शिलान्यास एवं भूमि पूजन किया। इस अवसर पर ब्लाक प्रमुख, खंड विकास अधिकारी समेत अनेक ग्राम पंचायत के प्रधान जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक एवं बड़ी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

विधायक अनिल कुमार त्रिपाठी ने कहा कि यह अन्त्येष्टि स्थल क्षेत्रवासियों की एक लंबे समय से चली आ रही मांग थी। अन्त्येष्टि स्थल के निर्माण से लोगों को अंतिम संस्कार की प्रक्रिया में सहूलियत मिलेगी। साथ ही, इस स्थान को सुविधायुक्त और स्वच्छ बनाए रखने के लिए आवश्यक संसाधन भी उपलब्ध कराए जाएंगे। इसकी लागत लगभग सत्ताइस लाख पैंसठ हजार रुपए आयेगा। आपको बताते चलें कि बेलहर विकास खण्ड क्षेत्र ग्राम पंचायत जंगल दशहर में ग्राम प्रधान साहिदा खातुन के सौजन्य से चिरैहवा गांव के निकट आमी नदी तट पर अन्त्येष्टि स्थल का शिलान्यास भूमि मेंहदावल विधायक अनिल कुमार त्रिपाठी द्वारा किया गया उन्होंने ने कहा कि इस स्थल के निर्माण से क्षेत्र में एक बड़ी समस्या का समाधान होगा। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण का विशेष ध्यान रखें।

इस अवसर पर ब्लाक प्रमुख भूपेंद्र सिंह, खंड विकास अधिकारी अजय कुमार, सहायक खंड विकास अधिकारी पंकज कुमार सिंह, देवेश गोस्वामी, सौरभ चौधरी, सुशील कुमार सिंह, ग्राम प्रधान साहिदा खातुन, प्रधान प्रतिनिधि हकीमुलृलाह ,प्रधान संघ ब्लाक अध्यक्ष विश्वनाथ मौर्य , रामचंद्र चौधरी, उग्रसेन सिह सहित अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने भी विचार व्यक्त किए और विधायक का धन्यवाद किया। यह अन्त्येष्टि स्थल आधुनिक सुविधाओं से लैस होगा।

# कैबिनेट मन्त्री नन्द गोपाल 'नन्दी' कुमारगंज बाजार के सम्मानित व्यापारीयों से मिलने पहुंचे पारुल गारमेंट्स, दिया सहकार्य का भरोसा

वेलकम इंडिया







**अयोध्या।** कुमारगंज बाजार में व्यापारी लोग नाराज चल रहे थे, सूत्रों से खबर मिलने पर अयोध्या के विधायक वेद प्रकाश गुप्ता के सौजन्य से सभी व्यापारियों को एकजुट करने के लिए एक विशाल व्यापारी सम्मेलन का आयोजन इनायत नगर में किया गया था। उसके बाद शाम करीब लगभग 06:30 बजे कुमारगंज नगर पंचायत में व्यापारी राजेश अग्रहरि की अगुवाई में औद्योगिक मंत्री नंद गोपाल नंदी पारुल गारमेंट्स पहुंचे।

औद्योगिक मंत्री ने कहा कि भाजपा सरकार में व्यापारियों को गुंडा टैक्स नहीं देना पड़ता है। कैबिनेट मंत्री ने आगे कहा कि सरकार व्यापारियों के लिए अनेक कल्याणकारी योजनाएं चला रही है। इसका सभी व्यापारियों को समान रूप से लाभ मिल रहा है। उन्हें छोटी-छोटी दुकान शुरू करने के लिए बैंक से आर्थिक सहयोग लेकर इसको किस्तों में वापस करके व्यापार कर सकते हैं। वहीं बात करें सपा सरकार में तो व्यापारी लोग गुंडा टैक्स भी देते थे। सही तरीके से व्यापार नहीं कर पा रहे थे। पारुल गारमेंट्स पर कुमारगंज बाजार के सम्मानित व्यापारी प्रभाकर चंद्र अग्रहरि, सुधाकर चंद्र अग्रहरि, कृष्ण कुमार कसौधन, ऋषभ अग्रहरि, साहब प्रसाद कौशल, विशाल अग्रहरी, भाजपा बूथ प्रमुख विनोद अग्रहरि, सुधीर अग्रहरि, विश्वनाथ अग्रहरि, गया प्रसाद अग्रहरि, रोशन लाल अग्रहरि, राजेश अग्रहरि, शुभम अग्रहरि, तनु अग्रहरि, पारुल अग्रहरि, विनय गुप्ता, राम जी गुप्ता, दिनेश कौशल, मनोज जायसवाल, हजारीलाल चौरसिया व अलवर गुप्ता सहित बाजार कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## सात सूत्री मांगों को लेकर भाकियू का बेमियादी धरना चौथे दिन भी जारी

**मोदीनगर।** भारतीय किसान यूनियन (किसान सभा) का सात सूत्री मांगों को लेकर यहां तहसील मुख्यालय पर अनिश्चितकालीन धरना आंदोलन शुक्रवार को चौथे दिन भी जारी रहा। बताया गया है कि प्रशासन एवं गन्ना विभाग के अधिकारी धरनास्थल पर पहुंचे और भाकियू नेताओं से वार्ता की, लेकिन वार्ता कारगर सिद्ध नहीं हुई। भाकियू सूत्रों के अनुसार किसान नेता शनिवार को मोदीनगर तहसील से मोदी शुगर मिल तक पैदल मार्च कर अधिकारियों की घोर अनदेखी पर विरोध जताएंगे। भाकियू पदाधिकारियों का कहना है कि जब तक ज्ञापन में उल्लेखित हमारी मांग पूरी नहीं होंगी, तब तक हमारा आंदोलन जारी रहेगा। जरूरत पड़ने पर आंदोलन को तेज किया जाएगा। मोदी शुगर मिल पर गन्ना किसानों का भुगतान शीघ्र, आवारा पशुओं से फसलों की हो रही बबार्दी सहित अन्य कई मांगें हैं, जिनको लेकर भाकियू नेता कार्यकर्ता विगत चार दिनों से बेमियादी धरने पर बैठे हैं। चौथे दिन अनिश्चितकालीन धरना जारी रहा। पंचायत में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सत्येंद्र त्यागी, प्रदेश अध्यक्ष देवव्रत धामा, युवा प्रदेश अध्यक्ष विनीत त्यागी, जिलाध्यक्ष अरुण कसाना, युवा जिला अध्यक्ष आसु त्यागी, गौरव त्यागी, अमजद खान, संजय त्यागी आदि मौजूद रहे।

# जर्जर मार्ग को ठीक कराए जाने की मांग को लेकर दूसरे दिन धरना जारी



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर।** गांव अबूपुर के जर्जर मार्ग को ठीक कराए जाने की मांग को लेकर निर्वाण फाउंडेशन के तत्वाधान में ग्राम अबूपुर में दूसरे दिन धरना जारी रहा। धरने पर निर्वाण फाउंडेशन संस्थापक ईश्वर चंद्र एवं ग्रामीण हरेंद्र शर्मा का खुले आसमान के निचे रात दिन धरना लगातार चल रहा है। निर्वाण फाउंडेशन रजि. के संस्थापक ईश्वर चंद्र ने कहा अभी तक किसी प्रशानिक अधिकारी ने धरना स्थल की सद नहीं ली है। हरेंद्र शर्मा ने कहा है की मैं गावं का नागरिक होने के नाते निर्वाण फाउंडेशन के इस धरने को सफल बनाने के लिए तन, मन, धन, से साथ हूँ अगर मुझे अपने छोटे छोटे बच्चों को लेकर भी धरने पर बैठना पड़े तो बैठूंगा। लेकिन अबूपुर ग्राम वासियों की समस्या अब मेरी और मेरे परिवार की समस्या है। निर्वाण फाउंडेशन से राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष ओमकार सिंह कशनवाल ने धरना स्थल पर पहुंच कर कहा है की अगर कल शाम तक प्रशासन धरना स्थल की सद नहीं लेता है तो दो फरवरी को प्रशासन की शुद्धि बुद्धि के लिए निर्वाण फाउंडेशन ग्रामीणों के साथ मिलकर हवन कराने का काम करेगीऔर अपनी मांगो को बढ़ाते हुऐ, आगे की रणनीति तैयार करेगी।श्री पाल, सोनू, गुड्डू, केशव , सुभाष, मनीषा,विनय, उज्वल, दीपक,निशांत शर्मा, डा, रामशरण शर्मा, राजीव शर्मा,महकार सिंह, सुरेंद्र अधाना, मांगे,रूबी, सलमान, आदि संकड़ों समर्थक उपस्थित रहे।

# योगी की दो फरवरी की जनसभा की तैयारियां जोरो पर ,सभा में होगी ऐतिहासिक भीड़ :- विनय सिंह (उर्फ) टुनटुन सिंह

वेलकम इंडिया




**अयोध्या।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कि आगामी 2 फरवरी को सर्वोदय इंटर कॉलेज रामगंज के मैदान पर आयोजित जनसभा की तैयारियां जोरों पर चल रही हैं जिसके लिए मिल्कीपुर के ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि विनय कुमार सिंह उर्फ टुनटुन सिंह अपने सैकड़ो साथियों के साथ लगातार गांव गांव जनसंपर्क कर रहे हैं। मिल्कीपुर के ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि टुनटुन सिंह ने बताया कि जब से उत्तर प्रदेश में योगी आदित्यनाथ ने मुख्यमंत्री की कुर्सी संभाली है,तब से पूरे प्रदेश में कानून व्यवस्था सर्वांगीण विकास और सनातन का उत्थान लगातार हो रहा है,राशन दवा आवास बिजली सड़क आदि मूलभूत सुविधाओं पर सरकार ने बहुत ही अच्छा कार्य किया है उन्होंने इस बात का दावा किया कि जनसभा में आने वाली भीड़ इस बात को बता देगी की मिल्कीपुर में भाजपा की कुंदूरकी से भी बड़ी जीत होने जा रही है।

# सनातन हिंदू वाहिनी के कार्यक्रम में लोगों को एकजुट रहने के निर्देश दिए

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर।** प्रभु श्री राम प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष में सनातन हिंदू वाहिनी के तत्वावधान में मोदीनगर में सनातन हिंदू वाहिनी के विधानसभा अध्यक्ष सागर गुप्ता के द्वारा सनातन हिंदू वाहिनी के मंडल अध्यक्ष राज वर्मा के निर्देश में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें प्रदेश अध्यक्ष संजय नाथ प्रदेश उपाध्यक्ष बृहस्पति नाथ व धमार्चार्य प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष प्रवीण देव महाराज का मुख्य अतिथि के रूप में आगमन हुआ। इसके पश्चात हनुमान चालीसा वह प्रसाद वितरण किया गया साथ ही संगठन विस्तार का कार्यक्रम भी आयोजित हुआ। जिसमें सभी वक्ताओं ने अपने-अपने विचार रखें। प्रदेश अध्यक्ष संजय नाथ ने लोगों को एकजुट रहने के निर्देश दिए और गोरख पीठ योगी आदित्यनाथ महाराज के दिशा निर्देश पर चलने के लिए कहा। इसमें प्रदेश क्षेत्रीय सचिव गौतम चौधरी धन मंत्री जितेंद्र उज्जवल प्रदेश उपाध्यक्ष दीप गौतम मंडल अध्यक्ष राज वर्मा मंडल उपाध्यक्ष नरेंद्र राणा जिला अध्यक्ष गाजियाबाद शैलेश बंसल जिला उपाध्यक्ष नरेंद्र ठेकेदार विधानसभा अध्यक्ष सागर गुप्ता और जिला अध्यक्ष मेरठ वेदपाल महानगर अध्यक्ष अजय शर्मा व उनकी टीम जिला अध्यक्ष हापुड़ सत्येंद्र वर्मा तथा उनकी टीम और अन्य बहुत ही हिंदुत्व की भावना रखने वाले सदस्य उपस्थित रहे। नरेश ठेकेदार आजाद कश्यप विनोद गुर्जर सभी ने अपने सहभागिता दी।

## धमार्चार्यो का मत महाकुम्भ में हुआ हादसा अत्यंत दुखद एवं दुर्भाग्यपूर्ण,

**मोदीनगर।** महाकुम्भ के अवसर पर मौनी अमावस्या के मौके पर अमृत स्नान के दौरान बुधवार को मची भगदड़ की घटना को अनेक धमार्चार्यो ने अत्यंत दुखद एवं दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए निर्दोष श्रद्धालु स्नानार्थियों की मौत पर गहरी संवेदना व्यक्त की है।

विख्यांत श्रीमद् भागवत कथा मर्मज्ञ डा0 देवेंद्र शास्त्री, हनुमंत कथा व्यास पं0 अरविंद्र भाई ओझा, छतरी वाले शिव मंदिर के पं0 विरेंद्र पाण्डेय, श्री सनातन हरि मंदिर के चंद्र प्रकाश वशिष्ट आदि का मत है कि प्रयागराज के महाकुम्भ में योगी सरकार की तरफ से बेहतर व्यवस्था की गई थी, लेकिन वहां पहुंचने वाले श्रद्धालु स्नानार्थी धैर्य व संयम खो बैठे। उनकी असावधानी तथा संयम व धैर्य खो देना ही भगदड़ का कारण बना।सभी धमार्चार्यो ने विभिन्न राजनैतिक दलों से प्रार्थना की है कि संकट की इस घड़ी में विद्वोषपूर्ण आलोचना अथवा तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त न करें तथा इस त्रासदि में जिन्होंने अपनों को खो दिया है।

## सपा के बागी विधायक ने भाजपा के लिए किया प्रचार, बोले - अवधेश के बेटे को टिकट क्यों दिया

वेलकम इंडिया



**अयोध्या।** समाजवादी पार्टी के बागी विधायक अभय सिंह ने मिल्कीपुर में भाजपा प्रत्याशी के लिए चुनाव प्रचार किया। उन्होंने सपा पर सांसद अवधेश प्रसाद के बेटे को टिकट देने को लेकर निशाना साधा।

मिल्कीपुर सीट पर होने जा रहा उपचुनाव दोनों प्रमुख पार्टियों भाजपा और सपा के लिए प्रतिष्ठा का प्रश्न बन गया है। भाजपा ने प्रदेश सरकार के सात मंत्री समेत 40 विधायकों को चुनाव मैदान में उतार रखा है तो समाजवादी पार्टी ने भी अपने 40 स्टार प्रचारकों को मिल्कीपुर के चुनाव मैदान में उतार दिया है। वहीं, दूसरी तरफ मिल्कीपुर में सपा को एक झटका भी लग रहा है। समाजवादी पार्टी से गोसाईगंज के बागी विधायक अभय सिंह भाजपा के पक्ष में प्रचार कर रहे हैं।

मिल्कीपुर क्षेत्र में पहुंचे सपा के बागी विधायक अभय सिंह ने भाजपा प्रत्याशी चंद्रभानु पासवान के पक्ष में प्रचार किया और कहा कि मिल्कीपुर सीट से भाजपा की जीत सुनिश्चित है। अभय सिंह ने कहा कि इस क्षेत्र में हमारे बहुत से रिश्तेदार हैं, उनको भाजपा के पक्ष में करने के लिए हम लोग लगातार प्रचार कर रहे हैं। सपा के बागी विधायक ने केंद्र और प्रदेश सरकार की योजनाओं का बखान भी किया। अभय सिंह ने कहा कि मिल्कीपुर क्षेत्र की जनता सरकार की कल्याणकारी योजनाओं से काफी लाभान्वित हुई है। मिल्कीपुर की जनता भाजपा उम्मीदवार को लेकर एक सुर में बात कर रही है। भाजपा प्रत्याशी की तारीफ करते हुए अभय सिंह ने कहा कि यह ऐसा परिवार है जो गरीबों की सेवा करता आया है और सभी लोग इन्हीं के पक्ष में वोट करने जा रहे हैं। सपा सांसद अवधेश प्रसाद पर आरोप लगाते हुए अभय सिंह ने कहा कि परिवारवाद लोकतंत्र का विकृत स्वरूप है। यहां की जनता भी आरोप लगा रही है कि सांसद और विधायक क्या दोनों एक ही परिवार से होंगे। क्या समाजवादी पार्टी में और नेता व कार्यकर्ता नहीं हैं।

# तहसील प्रशासन में समस्या का निस्तारण कराया



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर।** तहसील प्रशासन अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने मौके पर पहुंचकर गांव नाहली में खड़ंजे के कार्य को रोके जाने पर उस समस्या का समाधान कराया। ग्राम नाहली में स्थित सैक्टर मार्ग खसरा नं0 972 रकबा 0.3850 हे0 जिस पर खण्ड विकास कार्यालय स्तर से जो खरंजा कार्य प्रस्तावित है। जिसे ग्राम वासियों द्वारा रोका जा रहा था उक्त सैक्टर मार्ग को उपजिलाधिकारी डॉ पूजा गुप्ता के निर्देशन में शुक्रवार को नायब तहसीलदार भोजपुर सचिन पवार, क्षेत्रीय लेखपाल सुबोध कुमार, ब्लॉक स्तर के कर्मचारियों व अन्य उपस्थित ग्रामवासियों के समक्ष शिजरे के अनुसार पैमाईश कराकर समस्या का निस्तारण करा दिया गया है।

# दूसरी एशियाई महिला एवं पुरुष शूटिंग बॉल चैंपियनशिप का आयोजन 1-2 फरवरी को

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर।** दूसरी एशियाई महिला एवं पुरुष शूटिंग बॉल चैंपियनशिप का आयोजन 1- 2 फरवरी को इटहरी नेपाल में किया जा रहा है जिसमें भाग लेने वाली भारतीय महिला एवं पुरुष टीमों को किट का वितरण एशियन शूटिंग बॉल फेडरेशन के महासचिव श्री रविंद्र तोमर, शूटिंग बॉल एसोसिएशन उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष अजय प्रमुख, दिल्ली शूटिंग बाल एसेम्बली के अध्यक्ष वीरेंद्र सहरावत के कर कमलो द्वारा स्पोर्ट्स ग्राउंड महिपालपुर दिल्ली में किया गया तथा अच्छे प्रदर्शन के लिए शुभकामना दी गई। उत्तर प्रदेश राज्य से कुणाल( मेरठ ) और साक्षी गाजियाबाद भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। डॉ अनिल अग्रवाल,अध्यक्ष अंतर्राष्ट्रीय शूटिंग बाल फेडरेशन, चौधरी धर्मपाल सिंह, फाउंडर एशियन शूटिंग बॉल फेडरेशन, अंजुल अग्रवाल, अध्यक्ष शूटिंग बॉल फैडरेशन ऑफ इंडिया,जीत राज तोमर, महासचिव शूटिंग बाल फेडरेशन ऑफ इंडिया ने टीम को अच्छे प्रदर्शन के लिए अपने शुभकामनाएं दी।

# रैली निकालकर वाहन चालकों को किया जागरूक

वेलकम इंडिया




**मथुरा/गोवर्धन।** सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा अभियान के तहत लोगों को जागरूक करते हुए थाना पुलिस ने स्कूली बच्चों के साथ मिलकर रैली निकाली। शुक्रवार को थाना क्षेत्र में स्कूली छात्र छात्राओं सहित पुलिस व भाजपा कार्यकताओं द्वारा रैली निकालकर सड़क पर चलने वाले वाहन चालकों एवं बाइक सवारों को जागरूक किया गया। इस दौरान बच्चों ने रैली निकालकर लोगों को सड़क सुरक्षा से संबंधित नारे लगाकर जागरूक करते हुए कहा कि कार चालक हमेशा सीट बेल्ट जरूर लगाए। वहीं दोपहिया चालक सही मानकों वाला हेलमेट पहनकर ही घर से निकलें। थाना प्रभारी विनोद बाबू मिश्रा ने कहा कि अधिकांश लोग चालान के डर से सीट बेल्ट व हेलमेट लगाते है, लेकिन लोगों को यह समझना होगा की यह सब सुरक्षा के लिहाज से जरूरी है। जल्दबाजी में वाहन की गति को तेज चलाने से हमेशा बचना चाहिए, क्योंकि इसी जल्दबाजी में अक्सर हम दुर्घटना के शिकार हो जाते है। इसलिए वाहन निर्धारित गति सीमा में ही चलाए। सड़क पर दूसरे वाहनों को ओवरटेक करने से बचें। सड़क पर हमेशा दूसरे वाहनों से निश्चित दूरी बनाकर रखनी चाहिए, ताकि विवाद से बचा जा सके। सड़क किनारे लगे दिशासूचक बोर्ड व सड़क सुरक्षा नियमों की भलीभांति जानकारी होनी चाहिए। वाहन चलाते समय नशा नहीं करना चाहिए और न ही मोबाइल आदि का प्रयोग करना चाहिए।

एसआई विनय वौद्ध ने कहा कि आजकल लोग कान में इयरफोन लगाकर गाड़ी चलाते हैं जो सुरक्षा के लिहाज से खतरनाक है। यातायात सिग्नल का खास ख्याल रखें। जरूरत पड़ने पर ही गाड़ी के हार्न का इस्तेमाल करें। वाहन चलाते समय धैर्य जरूर रखें। साथ ही दो पहिया वाहन पर ट्रिपल राइडिंग न करें, 18 साल से पहले वाहन चलाना नियमों का उल्लंघन है।

इसके अलावा दो पहिया वाहनों में रियरव्यू मिरर जरूर हो इस बात का भी विशेष ख्याल रखें। इस दौरान भाजपा नेता सियाराम शर्मा, हरभान सिंह, जय बाबा इंटर के प्रबंधक अमर चंद सैनी, ग्राम प्रधान निरंजन सैनी सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# कोर्ट ने गाजियाबाद नगर निगम पार्षद निर्वाचन किया रद्द , रिटर्निंग ऑफिसर के खिलाफ कार्यवाही के आदेश

वेलकम इंडिया




**इंद्रेश शर्मा, गाजियाबाद ।** गाजियाबाद की एक अदालत ने एक निगम पार्षद के निर्वाचन को निरस्त कर दिया है। अदालत ने गाजियाबाद के जिलाधिकारी को ड्यूटी में लापरवाही बरतने वाले रिटर्निंग ऑफिसर के खिलाफ कार्रवाई करने का निर्देश भी दिया है।

जिला शासकीय अधिवक्ता (सिविल) विपिन त्यागी ने शुक्रवार को बताया कि अपर जिला न्यायाधीश इंदु द्विवेदी की अदालत ने बुधवार को वार्ड संख्या 35 (अकबरपुर- बेहरामपुर) से निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में पार्षद चुनी गईं ऋतु चौधरी के चुनाव को निरस्त घोषित कर दिया। उन्होंने बताया कि अदालत ने यह आदेश पिंटू सिंह नामक व्यक्ति द्वारा दायर याचिका पर दिया। उन्होंने बताया कि सिंह भी 2023 में हुए नगर निगम चुनाव में अकबरपुर-बेहरामपुर वार्ड से उम्मीदवार थे और वह केवल 23 वोट से चुनाव हार गए थे। त्यागी ने बताया कि याचिकाकर्ता ने नामांकन पत्र के साथ दाखिल हलफनामे में संपत्ति का ब्योरा छुपाने समेत कई आरोप लगाए थे, जो सही पाए गए। उन्होंने बताया कि वार्ड संख्या 35 का चुनाव दोबारा कराया जाएगा। इसके लिए तिथि की घोषणा जिला निर्वाचन अधिकारी करेंगे। त्यागी ने बताया कि अदालत ने गाजियाबाद के जिलाधिकारी को ड्यूटी में लापरवाही बरतने वाले रिटर्निंग ऑफिसर के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश भी दिया है।

## हिंडन व गंगनहर में डूबने से किशोर व युवक की मौत

**गाजियाबाद।** अलग-अलग स्थानों पर किशोर समेत दो लोग गहरे पानी में डूब गए। मसूरी थानाक्षेत्र में बहते नारियल को निकालने के चक्कर में 12 वर्षीय किशोर पैर फिसलकर नाहल गंगनहर में डूब गया। वहीं, विजयनगर थानाक्षेत्र में बहन के घर आया युवक मछली पकड़ने के दौरान हिंडन में डूब गया। पुलिस ने गोताखोरों की मदद से दोनों के शव बरामद कर लिए। पुलिस के मुताबिक, नाहल गांव निवासी 12 वर्षीय उमेर दादा-दादी के साथ रहता था। वह गांव के मदरसे में पढ़ता था। उमेर के पिता की कुछ समय पूर्व मौत हो चुकी है, जबकि मां एक कंपनी में काम करती हैं। पुलिस का कहना है कि शुक्रवार सुबह उमेर गांव के साथी 10 वर्षीय मोनिश के साथ गंगनहर गया था।

जहां दोनों दोस्त नहर में बहकर आ रहे नारियलों को निकालकर इकट्ठा कर रहे थे। इसी दौरान उमेर का पैर फिसला और वह गंगनहर में जा गिरा। बहाव तेज होने और गहरे पानी में जाने से वह डूब गया।

# उधार दी हुई रकम को स्वयं लूटने वाले 2 बदमाशों को लोनी बॉर्डर पुलिस ने किया गिरफ्तार

वेलकम इंडिया




**इंद्रेश शर्मा, गाजियाबाद ।** गाजियाबाद के थाना लोनी बॉर्डर पुलिस ने बीते कुछ दिन पहले हुई लूट का खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है आरोपियों के पास से 39 हजार, एक मोटरसाइकिल और चोरी का मोबाइल फोन भी बरामद किया गया है।

एसीपी अंकुर विहार अजय ने बताया लोनी बॉर्डर क्षेत्र के रहने वाले जसवीर द्वारा अपने साथ लूट की सूचना पुलिस को दी थी जिसके बाद पुलिस छानबीन में लग गई थी पुलिस ने सीसीटीवी और मैनुअल सर्विलांस के आधार पर पूरी घटनाक्रम का खुलासा किया। लोनी बॉर्डर प्रभारी कृष्ण कुमार और उनकी टीम ने दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है । पुलिस के अनुसार बीती 21 तारीख में जसवीर नाम के व्यक्ति द्वारा अपने साथ 1 लाख 37 हजार की लूट की सूचना दी गई थी जिसके बाद पुलिस ने टीमों का गठन कर मामले की जांच शुरू कर दी थी दरअसल जसवीर के ससुराल के रहने वाले इखलास से पैसों का लेनदेन था इखलास ठेकेदारी का काम करता है, इखलास ने ही जसवीर को पैसे उधार दिए थे और उसके बाद अपने साथियों से उसे लूटने की योजना बनाते हुए रास्ते में उसके साथ लूट की घटना को अंजाम दे दिया जिसे सभी ने आपस में बांट लिया पुलिस ने मामले में इकलास और शादाब नाम के दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है जबकि इनका तीसरा साथी अभी फरार है जिसकी तलाश पुलिस टीम कर रही है। पकड़े गए आरोपियों के पास से एक मोटरसाइकिल और चोरी का मोबाइल भी बरामद किया है जिसे शादाब ने कुछ समय पहले थाना क्षेत्र से एक व्यक्ति के पास से चोरी किया था।

# वेलकम इंडिया



जिला गाजियाबाद के डीएम इंद्र विक्रम सिंह का हुआ पदोन्नत अब यूपी कृषि विभाग के होंगे सचिव । विदाई के पलो में एफ एम न्यूज चैनल से की खास बातचीत और गाजियाबाद के नए डीएम आईएएस दीपक मीणा के लिए दी शुभकामनाएं।

# बिशरख पुलिस के साथ मुठभेड़ में 2 घायलों सहित 6 बदमाश गिरफ्तार, चोरी की घटना को दिया था अंजाम

वेलकम इंडिया

**इंद्रेश शर्मा,गौतमबुद्धनगर।** नोएडा के थाना बिशरख पुलिस और 6 शातिर बदमाशों के बीच शुक्रवार सुबह ऐस सिटी गोल चक्कर के पास मुठभेड़ हुई। थाना बिशरख प्रभारी मनोज सिंह और उनकी टीम चेकिंग कर रहे थे तभी सामने से आती कार में बैठे युवकों के साथ मुठभेड़ हुई ।

इस मुठभेड़ में दो बदमाशों के पैर में गोली लगी। मुठभेड़ के बाद दोनों बदमाशों को घायल अवस्था में गिरफ्तार गया जबकि इनके अन्य चार साथियों को घेराबंदी कर गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भेजा दिया है। गिरफ्तार बदमाशों के कब्जे से पांच एप्पल कंपनी के स्मार्ट फोन (जिसकी



कीमत लगभग 6 लाख रुपये), दो एप्पल स्मार्ट वॉच (कीमत करीब 60 हजार रुपये), एक एप्पल कंपनी के ईयर वड्र्स कीमत करीब 6 हजार रुपये, एक ग्राइंडर कटर, दो तमंचे .315 बोर, दो जिंदा कारतूस, दो खोखा कारतूस .315 बोर और एक घटना में प्रयुक्त कार टोयोटा कोरोला एल्टिस बरामद हुई है। पुलिस का कहना है कि आरोपी बिग बास्केट के स्टोर में पहले काम करते थे। गलत व्यवहार की वजह से आरोपियों को नौकरी से निकाल दिया गया था। इससे नाराज होकर अजीत और मोहित ने अपने दोस्तों के साथ मिलकर मध्यरात्रि स्टोर में घुसकर लाखों रुपये की चोरी की वारदात को अंजाम देकर फरार हो गये थे। डीसीपी सेंट्रल नोएडा शक्ति मोहन अवस्थी ने बताया कि इसके बाद पुलिस पार्टी की तरफ से की गई जवाबी कार्रवाई में दो बदमाशों को गोली लग गई। इसके बाद दोनों शातिरों को घायल अवस्था में गिरफ्तार कर लिया गया। घायल बदमाशों की पहचान अजीत कुमार निवासी हाथरस और विशाल निवासी अलीगढ़ के रूप में हुई। इनके अन्य चार भागे हुये साथियों को कॉम्बिंग के दौरान गिरफ्तार किया गया। इनकी पहचान देशराज उर्फ लुक्का निवासी हाथरस, धीरज निवासी अलीगढ़, मोहित निवासी एटा और संदीप कुमार निवासी कानपुर देहात के रूप में हुई है। सभी आरोपी फिलहाल गौतमबुद्धनगर में रह रहे थे।

# जीडीए के ध्वस्तीकरण के बाद फिर शुरू किया अवैध निर्माण

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** जीडीए उपाध्यक्ष अतुल वत्स की अनाधिकृत कॉलोनियों और अवैध निर्माण को ध्वस्त करने की सख्ती जारी है। मगर इस सख्ती के बाद भी बहुत जगह अवैध कॉलोनियों में प्लॉट काटे जा रहे है। ऐसा ही मामला जीडीए प्रवर्तन जोन-3 क्षेत्र अंतर्गत सिटी पार्क के बराबर में वीरेंद्र उर्फ लल्लू गुर्जर पुत्र अमरपाल द्वारा सूर्या गार्डन के सामने करीब 22 बीघा जमीन में अनाधिकृत रूप से कॉलोनी काटी जा रही है। इसमें जीडीए प्रवर्तन टीम ने चार दिन पहले ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की थी। मगर फिर से इस अनाधिकृत कॉलोनी में विद्युत पोल खड़े कर प्लॉट की बाउंड्रीवाल का निर्माण शुरू कर दिया गया। इस संबंध में जीडीए अधिकारियों को मौके के फोटो भी भेजे गए हैं ।लल्लू गुर्जर ने इस अवैध कॉलोनी में बिजली के खंभे खड़ा करा दिए। जीडीए उपाध्यक्ष के आदेश के क्रम में जीडीए प्रवर्तन जोन-3 के प्रभारी अधिशासी अभियंता योगेश पटेल के नेतृत्व में सहायक अभियंता अनिल शर्मा, अवर अभियंता राजेंद्र सिंह व जीडीए पुलिस और मधुबन-बापूधाम थाना पुलिस की मौजूदगी में 22 बीघा जमीन में काटी जा रही इस अनाधिकृत कॉलोनी में बुलडोजर चलाकर बिजली के पोल, भूखंडों की बाउंड्रीवाल को ध्वस्त कर दिया था।

# नवयुवक भोजपुरी विकास समिति द्वारा रविवार को होगा बसंत पंचमी का भव्य आयोजन

वेलकम इंडिया

- श्रद्धा और भक्ति से विद्या की देवी मां सरस्वती की पूजा-अर्चना का होगा अनोखा संगम
- भोजपुरी के कलाकार गाजियाबाद की धरती पर भी

**गाजियाबाद।** नगर सहित जिले के विभिन्न इलाकों में वसंत पंचमी की चल रही तैयारी पूरी हो गई। रविवार को वसंत पंचमी का पर्व धूमधाम से मनाया जाएगा।

विगत 36 वर्षों की भाँति इस वर्ष भी नवयुवक भोजपुरी विकास समिति के द्वारा सरस्वती पूजन समारोह तथा विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन बड़े ही हर्षोल्लास के साथ रविवार यानि 2 फरवरी को भीमाबाई अम्बेडकर पार्क, (विजय नगर थाना के सामने) विजय नगर में किया जा रहा है। सरस्वती पूजन सुबह 9 बजे, बसन्त का ताल ठोक कर समिति के सदस्यों द्वारा बसन्त का स्वागत 11 बजे, बच्चो का कार्यक्रम दोपहर 12 बजे से 4 बजे तक और शाम 9 बजे से सम्पूर्ण रात्रि भोजपूरी गायक धनंजय शर्मा एण्ड पार्टी एवं अदिति राज और काव्य कृष्णामूर्ति एण्ड पार्टी द्वारा भोजपुरी गीतों का प्रस्तुतिकरण किया जायेगा। समिति के अध्यक्ष अनिल कुमार सिंह ने बताया पिछले 36 वर्षों से लगातार नवयुवक भोजपुरी विकास समिति बसंत पंचमी का पर्व धूमधाम से मनाया जा रहा है। यह पर्व स्वयं सिद्ध मुहूर्त है। इस दिन मंगल कार्य करने का भी विधान है। मां सरस्वती जो विद्या, गीत-संगीत एवं कला की देवी हैं। इसको प्रसन्न करके इनके आशीर्वाद से विद्या, ज्ञान, कला को प्राप्त किया जा सकता है। विजय नगर स्थित भीमाबाई अम्बेडकर पार्क में सरस्वती पूजन समारोह तथा विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सांसद पूर्वी चंपारण, मोतिहारी, पूर्व केन्द्रीय कृषि मंत्री राधा मोहन सिंह, केंद्रीय गृह राज्यमंत्री नित्यानंद राय, गाजियाबाद सांसद अतुल गर्ग, बागपत सांसद राजकुमार सांगवान, गाजियाबाद मेयर सुनीता दयाल, सदर विधायक संजीव शर्मा और प्रशासन से संबंधित अधिकारी मौजूद रहेंगे। इस दिन सदस्यों द्वारा आपस में गुलाल लगाकर बसंत का स्वागत किया जायेगा।

# बस की टक्कर से स्कूटी सवार युवक की मौत

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** वसुंधरा सेक्टर एक में शुक्रवार सुबह तेज रफ्तार बस की टक्कर से स्कूटी सवार निजी कंपनी के मार्केटिंग मैनेजर गंभीर रूप से घायल हो गए। उसे पास के निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। मूलरूप से हापुड़ के शिव मंदिर बक्सर पुराना बाजार सिंभावली निवासी मुकेश गोयल वर्तमान में लालकुंआ के पास पंचवटी कॉलोनी में रहते थे। वह साहिबाबाद औद्योगिक क्षेत्र स्थित कंपनी में मार्केटिंग मैनेजर थे।

शुक्रवार सुबह वह स्कूटी से ड्यूटी जा रहे थे। वसुंधरा सेक्टर एक में निजी बस के चालक ने स्कूटी में टक्कर मार दी। हादसे में मुकेश गंभीर रूप से घायल हो गए।

# जीडीए उपाध्यक्ष ने मकरमतपुर सिकरोड के किसानों को किए चेक वितरित

वेलकम इंडिया

**इंद्रेश शर्मा, गाजियाबाद ।** गाजियाबाद विकास प्राधिकरण ने ग्राम मकरमतपुर सिकरोड में 30 मीटर सड़क के लिए भूमि का प्राधिकरण द्वारा बैनामा कराया गया जनता की राह होगी आसान , लोगो को आने जाने के लिए हो सकेगी सुगमता । दिनांक 30 जनवरी 2025, ग्राम मकरमतपुर सिकरोड में 30 मीटर चौड़ी सड़क निर्माण हेतु भूमि क्रय की प्रक्रिया पूर्ण की गई। यह भूमि उपाध्यक्ष महोदय के निदेशानुसार आपसी सहमति के आधार पर अधिग्रहित की गई। भूमि के बैनामा प्रक्रिया संपन्न होने के उपरांत, आज उपाध्यक्ष महोदय द्वारा स्वयं लाभान्वित कृषकों को चेक वितरित किए गए। इस अवसर पर संबंधित अधिकारियों एवं ग्रामवासियों की उपस्थिति रही। यह सड़क निर्माण क्षेत्र के समग्र विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा एवं जनता को बेहतर आवागमन की सुविधा प्रदान करेगा।



## खाते से ठगों ने उड़ाए 1.16 लाख रुपये, केस दर्ज

**गाजियाबाद।** साइबर अपराधियों ने शास्त्रीनगर में रहने वाले व्यक्ति के खाते से दो बार में 1.16 लाख रुपये निकाल लिए। जालसाजों ने इस रकम से मोबाइल खरीदा। पीड़ित ने मोबाइल विक्रेता और खरीदार की जानकारी जुटाकर कविनगर थाने में शिकायत दी। पुलिस का कहना है कि केस दर्ज कर आगामी कार्रवाई की जा रही है। शास्त्रीनगर जी-ब्लॉक निवासी भरत कौशिक का कहना है कि उनका खाता एचडीएफसी बैंक में है।

# पाकिस्तान और बांग्लादेश में हिंदुओं की रक्षा के लिए यति नरसिंहानंद ने पीएम को लिखा खून से पत्र



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** जूना अखाड़े के महामंडलेश्वर और गाजियाबाद के डासना देवी मंदिर के महंत यति नरसिंहानंद सरस्वती ने महाकुंभ की पावन धरती से हिंदू रक्षा का आह्वान किया है। यति नरसिंहानंद सरस्वती ने इसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अपने खून से पत्र लिखकर पाकिस्तान और बांग्लादेश में हिंदुओं की रक्षा के लिए सैन्य कार्रवाई का आग्रह किया है। यति नरसिंहानंद ने गुरुवार को बांग्लादेश और पाकिस्तान में हिंदुओं की रक्षा के लिए प्रयागराज महाकुंभमें श्रीदूधेश्वरनाथ मठ के शिविर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अपने खून से एक पत्र लिखा। यति नरसिंहानंद ने पत्रकारों से कहा कि पत्र में उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी से पाकिस्तान और बांग्लादेश में रह रहे हिंदुओं की रक्षा के लिए सैन्य कार्रवाई करने का अनुरोध किया है। उन्होंने बताया कि खून से लिखे इस पत्र को डॉक्टर उदिता त्यागी और यति सन्यासी, सभी सनातनी धर्मगुरुओं के समक्ष ले जाएंगे।

# क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़ाने के नाम ठगी

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** साहिबाबाद थाना क्षेत्र में रहने वाले दो लोगों को साइबर अपराधियों ने रकम ऐंठ ली। एक व्यक्ति से क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़ाने के नाम पर 73 हजार रुपये ठग लिए।

दूसरे मामले में बीमाकर्मी बताकर 2.03 लाख की ठगी कर डाली। पीड़ितों ने पुलिस से शिकायत की है। अर्थला निवासी विजयपाल कनौजिया ने बताया कि बीते साल सितंबर में व्हाट्सऐप पर अनजान नंबर से फोन आया था। कॉल करने वाले ने क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़ाने का झांसा दिया और डिटेल हासिल कर ली। इसके बाद उनके खाते से 73 हजार 273 रुपये ट्रांसफर कर लिए। खाते से पैसे कटने का मैसेज आने पर उन्हें ठगी का पता चला। जनकपुरी निवासी राजेश्वर प्रसाद ने बताया कि 30 दिसंबर को उसके पास एक कॉल आई थी।

# पंजीकरण का नवीनीकरण नहीं कराने पर 8 केंद्रों के निरस्त की संस्तुति

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** गर्भधारण प्रसव पूर्व निदान तकनीक लिंग चयन प्रतिषेध अधिनियम-1994 के अंतर्गत पंजीकरण नहीं कराने पर 8 केंद्रों के पंजीकरण निरस्त करने की संस्तुति की गई।

शुक्रवार को विकास भवन सभागार में जिलाधिकारी दीपक मीणा ने मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अखिलेश मोहन, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अभिषेक त्रिपाठी, रेडियोलोजिस्ट डॉ. पंकज शर्मा, संयुक्त अस्पताल संजयनगर की बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. अर्चना सिंह, पैथोलॉजिस्ट डॉ. रिचा त्रिपाठी, संयुक्त निदेशक अभियोजन, जिला सूचना अधिकारी योगेंद्र प्रताप सिंह, डॉ. ओपी अग्रवाल एवं एनजीओ सदस्यों की मौजूदगी में जिला सलाहकार समिति की बैठक की। बैठक में गर्भधारण प्रसव पूर्व निदान तकनीक लिंग चयन प्रतिषेध अधिनियम के अंतर्गत पंजीकरण, नवीनीकरण, निरस्तीकरण, चिकित्सक की अनुमति, स्थान परिवर्तन के आवेदनों का स्थलीय निरीक्षण कराकर निस्तारण के लिए बैठक की गई। जिलाधिकारी की अध्यक्षता में हुई समिति की बैठक 11 केंद्रों के पंजीकरण, 13 केंद्रों के नवीनीकरण, 20 केंद्रों पर कार्य करने के लिए चिकित्सकों की अनुमति के आवेदन एवं 17 केंद्रों पर नई यूएसजी मशीन अपडेशन, 2 केंद्रों के स्थान परिवर्तन करने और 2 केंद्रों के पंजीकरण न करने एवं 8 केंद्रों के पंजीकरण निरस्त करने की संस्तुति की गई।

